

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 189

ग्वालियर, रविवार, 29 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

# ब्रिक्स देश भूख और गरीबी उन्मूलन के 2030 सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे: मंत्री तोमर

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 11वीं बैठक आज वर्चुअल रूप से संपन्न हुई। इसमें भारत, ब्राजील, रूस, चीन व दक्षिण अफ्रीका के कृषि मंत्रियों ने खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए कृषि जैव विविधता को मजबूत करने हेतु ब्रिक्स साझेदारी विषय पर विचार-विमर्श किया। ब्रिक्स महत्वपूर्ण समूह है, जो दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है, दुनिया की 41त्न आबादी की मेजबानी करता है, विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 24त्न और विश्व व्यापार में 16त्न से अधिक का योगदान देता है। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि ब्रिक्स देश भूखमरी व गरीबी मिटाने के लिए वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्यों के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाने की अच्छी स्थिति में हैं। कृषि उत्पादन बढ़ाकर व किसानों की आय में वृद्धि करके, आय असमानता व खाद्य मूल्य अस्थिरता की समस्या को दूर किया जा सकता है।



बैठक के दौरान तोमर ने खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए कृषि जैव विविधता विषय पर संबोधन में कहा कि कृषि जैव विविधता के संरक्षण के महत्व को स्वीकार करते हुए, भारत ने विभिन्न संबंधित ब्यूरो में पौधों, जानवरों, मछलियों, कीड़ों व कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीवों के लिए राष्ट्रीय जीन बैंक की स्थापना की है और उनका रखरखाव कर रहा है। भारत दलहन, तिलहन, बागवानी फसलों, राष्ट्रीय बांस मिशन व हाल ही में शुरू किए गए राष्ट्रीय पाम ऑयल मिशन जैसे देशव्यापी कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कृषि-खाद्य प्रणालियों के विविधीकरण को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य खेतों व थाली दोनों में विविधीकरण प्रदान करने के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है। तोमर ने बताया कि भारत की पहल और प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है व वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष मनाने के लिए तैयारियां की जा रही है।

मंत्री तोमर ने कहा कि भारत पोषक-अनाज के अनुसंधान, शिक्षण, नीति-निर्माण, व्यापार और खेती में क्षमता विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैं, जो फसलों के इस समूह में उपलब्ध अद्भुत विविधता के संरक्षण के साथ-साथ किसानों को लाभान्वित करने में दीर्घकालीन उपाय होगा और यह दुनिया के कम पर्यावरणीय रूप से संपन्न क्षेत्र में केंद्रीत हैं। कृषि अनुसंधान और नवाचारों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स कृषि अनुसंधान मंच तैयार किया है और आज से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है।

बैठक में ब्रिक्स देशों में मजबूत कृषि अनुसंधान आधार व विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन की स्थिति में ज्ञान का लाभ उठाने व साझा करने की जरूरत, उन्नत उत्पादकता के लिए बेहतर समाधान प्रदान करने के लिए प्रयोगशाला से भूमि पर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुविधा, कृषि जैव विविधता बनाए रखने व प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करने को मंजूरी दी गई।

## वन-टू-वन

### भाजपा के अरबपति मित्रों के लाभ के लिए हैं कृषि कानून : प्रियंका

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि तीनों काले कृषि कानून भाजपा के अरबपति मित्रों के फायदे के लिए लाए गए हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में अडानी समूह द्वारा सेब के दाम घटाने से किसानों को परेशानी होने के दावे वाली एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया किसान काले कृषि कानूनों का विरोध क्यों कर रहे हैं? क्योंकि अगर किसानों की मेहनत से उगाई गई फसल के दाम व अन्य चीजें तय करने का अधिकार भाजपा के अरबपति मित्रों को दे दिया गया तो यही हाल होगा। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया काले कृषि कानून भाजपा के अरबपति मित्रों के फायदे के लिए हैं। प्रियंका ने एक अन्य ट्वीट में उत्तर प्रदेश में अपराध की घटनाओं को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी, आपके होर्डिंग्स, विज्ञापनों में तो सब ठीक ठाक बताया जाता है। लेकिन, आपके राज में अपराधियों को इतनी शक्ति क्यों मिली हुई है? क्यों महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं?

### आंतकी मसूद अजहर और तालिबानी नेताओं के बीच मुलाकात के बाद सुरक्षा एजेंसियों अलर्ट पर

**नई दिल्ली (ए)।** सीमा पार आतंकियों में गठजोड़ और नापाक साजिशों को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को लेकर अलर्ट जारी किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य के खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के साथ इनपुट साझा किया गया है, ताकि हमलों को नाकाम किया जा सके। अधिकारी ने बताया कि अगस्त के तीसरे सप्ताह में कंधार में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर और तालिबानी नेताओं के बीच मुलाकात की जानकारी मिलने के बाद सभी खुफिया एजेंसियों को हाई अलर्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि बैठक में जैश ने तालिबानी नेताओं से भारत में हमलों को लेकर मदद मांगी। सूत्रों ने बताया कि बैठक में पाकिस्तान के राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हुई। अधिकारी ने कहा,हमारे द्वारा खुफिया एजेंसियों से कहा है कि सोशल मीडिया पर नजर रखें। 24 अगस्त को हमें पाकिस्तान के दो आतंकियों के मूवमेंट की जानकारी मिली जो श्रीनगर में ग्रेनेड अटैक करना चाहते हैं। सभी एजेंसियों को समन्वय के लिए अलर्ट किया गया है। सभी राज्यों को सुरक्षा बढ़ाने और आतंक-रोधी इकाइयों को हाई अलर्ट रहने को कहा गया है।

### तीनों काले कृषि कानून भाजपा के अरबपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए लाए गए

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि तीनों काले कृषि कानून भाजपा के अरबपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए लाए गए हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में अडानी समूह द्वारा सेब के दाम घटाने से किसानों को परेशानी होने के दावे वाली खबर का हवाला देकर ट्वीट किया,किसान काले कृषि कानूनों का विरोध क्यों कर रहे हैं? क्योंकि अगर किसानों की मेहनत से उगी फसल के दाम व अन्य चीजें तय करने का अधिकार भाजपा के अरबपति मित्रों को दे दिया गया,तब यहीं हाल होगा।प्रियंका ने अन्य ट्वीट में यूपी में अपराध की घटनाओं को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधकर मुख्यमंत्री जी, आपके होर्डिंग्स, विज्ञापनों में तो सब ठीक ठाक बताया जाता है।

### ईडी का समन, ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी को 3 सिंतबर को पूछताछ के लिए बुलाया

**कोलकाता (ए)।** कोयला घोटाला से जुड़े मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी को समन भेजा है।मामले में अभिषेक बनर्जी सहित 5 लोगों से पूछताछ होगी। तृणमूल क राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को ईडी ने 3 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है।वहीं ईडी ने अभिषेक की पत्नी रुजिरा बनर्जी को 1 सितंबर के दिन पेश होने का आदेश दिया है। साथ ही दोनों को बैंक खातों की जानकारी मुहैया कराने को भी कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले से जुड़े कुछ अन्य लोगों को भी अगले महीने अलग-अलग तारीखों पर पेश होने के लिए समन जारी किया गया है। बता दें कि ईडी ने सीबीआई की साल 2020 की एक प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद धनशोधन की आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके आधार पर समन भेजा है।

## संस्थान रक्षा विनिर्माण के स्वदेशीकरण के लिए प्रौद्योगिकीविद प्रदान करने के लिए काम कर रहा: रक्षामंत्री

**नई दिल्ली (ए)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 27 अगस्त को उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईएटी), एक डीम्ड विश्वविद्यालय का इसकी छठी आम सभा की बैठक के लिए दौरा किया। वह संस्थान के अध्यक्ष और कुलाधिपति हैं। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह है बड़े गर्व की बात है कि संस्थान रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च स्तरीय पाठ्यक्रम संचालित करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा, ÷हमारे माननीय प्रधानमंत्री की दृष्टि हमारे देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की है। इस दिशा में हमने देश में रक्षा प्रौद्योगिकियों और विनिर्माण के स्वदेशीकरण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इन पहलों के लिए भविष्य में युद्ध के कौशल से लैस प्रौद्योगिकीविदों के बड़े समूह की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है कि उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईएटी) ने क्वांटम प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स व ऑटोमेशन तथा रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में नए स्कूल खोलकर इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाई है। भारतीय मूल के प्रख्यात प्रोफेसरों के साथ इस तरह की प्रगति और मान्यता प्राप्त विदेशी संस्थानों के सहयोग से यह संस्थान एक अग्रणी प्रौद्योगिकी केंद्र में बदल जाएगा। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईएटी) ने क्वांटम प्रौद्योगिकियों और रोबोटिक्स के क्षेत्र में अंतःविषय अनुसंधान और शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने इन तकनीकों में कुछ प्रदर्शन भी देखे।



रक्षामंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईएटी) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में युवा इंजीनियरिंग पेशेवरों के उपयोग हेतु ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है जो भविष्य की सूचना सुरक्षा और युद्धशास्त्र के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कहा, ÷यह जानकर खुशी हो रही है कि उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईएटी) द्वारा 1,500 युवा पेशेवरों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है।÷ यह कदम महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की ओर ले जाते हैं। हाल के वर्षों में बेहतर गुणवत्ता के साथ एमटेक, एमएससी और पीएचडी में छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

## हर दिन जश्न मना रही केंद्र सरकार कश्मीर में आतंकियों के मारे जाने पर: महबूबा मुफ्ती

**जम्मू (ए)।** जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आतंकियों के नाक में दम कर रखा है। कठोर कार्रवाई की बदौलत कई बड़े आतंकियों को अब तक सुरक्षा बलों और राज्य की पुलिस ने मिलकर मौत की नींद सुला दिया है। इतना ही नहीं कई आतंकियों को जिंदा दबोच कर सुरक्षा बलों ने बड़ी साजिश को नाकाम भी किया है। जम्मू कश्मीर में आतंकियों पर हो रही कार्रवाई को लेकर राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि रोज आतंकियों को मार कर केंद्र सरकार जश्न मना रही है। पीडीपी अध्यक्ष ने ने शनिवार को आरोप लगाया कि यहां पुलिस, पीडीपी की युवा ईकाई की मीटिंग अनंतनाग में नहीं होने दे रही। महबूबा मुफ्ती ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस यूथ विंग के सदस्यों से झगड़ा कर रही है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र सरकार सभी कश्मीरियों की ब्रांडिंग हिंसा करने वाले शैतान के रूप में कर रही है। ट्विटर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महबूबा मुफ्ती ने लिखा कि पीडीपी की युवा इकाई को आज बिजबेहारा में बैठक करने की अनुमति नहीं मिली। मुफ्ती साहब की मजार के पास लगे दरवाजों को ब्लॉक कर दिया गया और कंटीली तारों से घेर दिया गया। क्या जम्मू कश्मीर पुलिस यह बता सकती है कि इन लोगों से वो क्यों झगड़ा कर रही है? महबूबा मुफ्ती ने आगे कहा कि पीडीपी यूथ विंग को बैठक ना करने देना भारत सरकार की रणनीति का हिस्सा है। वो यह नहीं चाहती है कि कश्मीरी युवा राजनीति में हिस्सा लें। पीडीपी प्रमुख ने आगे कहा कि हर रोज हो रहे एनकाउंटर में आतंकवादी मारे जा रहे हैं और यह केंद्र सरकार के लिए जश्न का जरिया बन गया है। लेकिन पीडीपी हिंसा में विश्वास नहीं रखती है। महबूबा ने कहा कि हम शांति और राजनीति के जरिए अपनी लड़ाई लड़ना चाहते हैं।



### जब कोई अपने ही घर की ईंट से ईंट बजाने की बात करें, तब समझ....जाए

**गुरुग्राम (ए)।** पंजाब कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह लगातार बढ़ रही है। आलाकमान की ओर से सुलझाने की कोशिश हो रही है, लेकिन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह बनाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के बीच दूरियां कम नहीं हो रही हैं। आलम यह है कि दोनों नेता लगातार एक दूसरे के खिलाफ हैं। दोनों नेताओं के अलग-अलग गुट हैं और एक दूसरे पर हमलावर हैं। इस लेकर सिद्धू ने कार्यक्रम में कहा था कि अगर उन्हें काम करने नहीं दिया गया,तब मैं वह ईट से ईट बजा दूंगा। इसपर भाजपा की ओर से हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने सिद्धू पर तंज कसा है।


## घाटी से आतंकवाद शीघ्र समाप्त होगा: फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर (ए)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व केंन्द्रीय मंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीर घाटी में आतंकवाद जल्द समाप्त होने की उम्मीद जाहिर की है। अब्दुल्ला ने एक कार्यक्रम के समापन के दौरान कहा, आतंकवाद शीघ्र समाप्त होगा, भरोसा रखिए। हमें बचे रहकर देश को बचाए रखना है। आतंकवाद के कारण जम्मू कश्मीर आने में लोगों में भय के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा,''यमराज हर कहीं है।उन्होंने कहा,यद्यपि जम्मू कश्मीर 'धरती पर स्वर्ग' है, तब भी लोग इस क्षेत्र की यात्रा करने से डरते हैं। हिंसा और आतंकवाद के कारण



उन्हें इसका इत्मिनान नहीं है, कि वे घर जिंदा वापस लौट भी पाएंगे अथवा नहीं। लेकिन मैं खुश हूं कि आप (आगंतुक) आए, आप ने यहां आने का निश्चय किया। जब आप वापस जाएं,तब आपने जो देखा उस अपने मित्रों को बताएं।अब्दुल्ला ने कहा कि वह एक नया भारत देखना चाहते हैं,ऐसा भारत जो सभी के लिए हो।भगवान न तो मंदिर में हैं और न ही मस्जिद में। भगवान, अल्लाह हम सब में हैं। यह हम सब की हार्दिक इच्छा है कि हम साथ रहें और साथ में तरक्की करें। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि कोरोना ने अमेरिका जैसे देशों को तबाह कर दिया, लेकिन भारत गरीबी के बावजूद इससे अच्छे से निपटा। हमारे वैज्ञानिक और चिकित्सा समुदाय ने देश को गौरवान्वित किया।अब्दुल्ला ने कहा कि सोनमर्ग जैसी जगहों पर सुरंगों के निर्माण से लोगों के लिए सर्दियों में भी इसतरह के क्षेत्रों की यात्रा करने का मार्ग प्रशस्त होगा और शीतकालीन खेलों के लिए मार्ग खुलेगा।



# प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों के स्वयं के घर का सपना हो रहा साकार





## मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कई हितग्राहियों को किया लाभ वितरण





शिवपुरी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई गरीब परिवारों के स्वयं के घर का सपना साकार हुआ है। शनिवार को खंडवा से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हितग्राहियों को संबोधित किया। जिला स्तर पर कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया जिससे हितग्राहियों ने देखा। प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में जिले में कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने हितग्राहियों को लाभ वितरित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रहलाद भारती जिला अध्यक्ष राजू बाथम कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल जिला पंचायत सीईओ एचपी बर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं हितग्राही मौजूद रहे। नगर पालिका सीएमओ शैलेश अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक स्वीकृत 1703 हितग्राहियों में से 1433 हितग्राहियों को ढाई लाख रुपए की राशि जारी की गई है। 179 हितग्राहियों को 1 लाख रुपये की प्रथम किस्त जारी की गई है और आज के कार्यक्रम के माध्यम से 150 हितग्राहियों को भूमि पूजन कराया जा रहा है।

### इन हितग्राहियों को किया लाभ वितरण

मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने मंच से नरेश शाक्य, रमेश कोली, माया जाटव, रानी जाटव, चंपालाल कुशवाह, बलराम आर्य रेखा शर्मा, मातादीन वर्मा, सोबरन सिंह धाकड़, उषा गेचर, अजय पचौरी, कपिल यादव, सरजू बाई पचौरी, राजू ओझा, रवि कुमार ओझा, हंसो बाई, गोविंद कुशवाह, कमलेश कुमार नामदेव, सरोज कुशवाह, शमशाद अहमद, बृजभूषण सूर्यवंशी, शकुन और सुरेश चंद्र को आवास योजना के तहत प्रमाण पत्र सौंपा। इसके अलावा पशुपालन विभाग की आचार्य विद्यासागर योजना, जनपद पंचायत शिवपुरी और महिला बाल विकास विभाग द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र भी दिए गए।

## PACL के बाद अर्थ निधि चिटफंड ने लगाया शहर के लोगों को चूना, ऑफिस बंद कर फरार



शिवपुरी। जिलें में भौले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाना अब इन चिटफंड कंपनीयों के लिए कोई बडी बात नहीं है। लगातार धौखाधडी का शिकार हो रहे लोगों के बाबजूद भी लोग इनके झांसे में आ रहे है। जिसके चलते झांसे में आकर लोग अपने जीवन की कमाई यहां लुटा देते है। ऐसा ही मामला आर्य समाज रोड से सामने आया है। जहां अर्थ निधि लिमिटेड नाम से संचालित चिटफंड ने लोगों को चूना लगाया है। इस मामले की शिकायत पीडितों ने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी से की। जहां पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में जांच के बाद कार्यवाही की बात कही है। जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार निवासी कान्हांकुंज नगर फिजीकल रोड ने बताया कि उसे लक्ष्मीशंकर शुक्ला निवासी कृष्णपुरम कॉलोनी जो कि चिटफंड कंपनी अर्थ निधि लिमिटेड आर्य समाज रोड में मैनेजर है। ने खाता खोलने व सदस्य बनने के लिए मोटीबेट किया। जिस पर मैं उनकी बातों में आ गया और 780 रुपए में सदस्यता ले ली। वहीं एक आरडी 4 हजार रुपए की प्रतिमाह खुलवा ली। युवक ने बताया कि कोरोनाकाल में लॉकडाउन के लगते ही चिटफंड कंपनी का ऑफिस बंद हो गया। जब मामले में लक्ष्मीशंकर शुक्ला से बात की तो उनका कहना था कि लॉकडाउन के खत्म होते ही ऑफिस खोलेंगे। लॉकडाउन खत्म होते ही ऑफिस गए तो पता चला कि वहां ताले लगे हुए हैं और कंपनी का बोर्ड भी गायब था।जिस पर लक्ष्मीशंकर कुशवाह को फोन लगाया तो वह कभी भोपाल तो कभी कहीं होने का बहाना बनाते हैं। लगातार वह लोगों को गुमराह कर रहा है। इस मामले की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने मामले की जांच के बाद कार्यवाही की बात कही है।

## अवैध हथियारों के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

जिले के नरवर थाना क्षेत्र के आमोलपठा की है। जहां पुलिस ने तीन आरोपीयों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी किसी बडी बारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया और एसडीपी करैरा जी डी शर्मा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 28 अगस्त को टीआई नरवर मनीष कुमार शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति अवैध हथियार लिए कोई गंभीर वारदात करने की नियत से नरवर अमोल पठा रोड पर घूम रहे हैं इस सूचना पर से टी आई मनीष कुमार शर्मा द्वारा अपने थाने के बल से नरवर अमोल पठा रोड पर शेरगढ़ गांव के सामने घेराबंदी की गई।

## खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक योग्यता प्रमाण पत्र के एवज में दुकानदारों से वसूल रहे थे रूपए

शिवपुरी।

खबर जिले के करैरा अनुविभाग के दिनारा थाना क्षेत्र के दिनारा कस्बे की है जहां आज खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक योग्यता प्रमाण पत्र बनबाने के एवज में दो आरोपी दुकानों से 100 100 रूपए की रशीद काट रहे थे। दुकानदारों का आरोप है कि उक्त दोनों लोग उन्हें डराकर जबरन में उनकी रशीद काट रहे थे। इस मामले की सूचना मिलते ही दुकानदार एकजुट हो गए और इस मामले की शिकायत दिनारा थाने में की। जहां पुलिस दोनों को लेकर थाने पहुंची। जहां उनके कागजात चैक किए जा रहे है। जानकारी के अनुसार दिनारा बाजार में दो युवक पहुंचे और अपने आपको खाद्य विभाग की और से आना बताकर दुकानदारों से 100 100 रूपए लेकर उन्हें रशीद भी दे रहे थे। दुकानदारों ने बताया है कि उक्त दोनों लोग अपने आप को खाद्य विभाग से बताते हुए जबरन रशीदें दे रहे थे। जिसे लेकर व्यापारीयों ने इस मामले की शिकायत दिनारा थाने में की। जहां पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### इनका कहना है

जो लोग हमारे पास आए है वह खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक योग्यता प्रमाण पत्र की ट्रेनिंग की रशीद काट रहे थे। इनके कागज हमने चैक किए है। साथ ही जिन लोगों से पैसे लिए है उनके पैसे भी बापिस करा दिए है। अब हम बारीकी से इनके पूरे कागज चैक कर रहे है। उसके बाद ही कुछ क्लीयर कर पाएगें

**अशोक बाबू शर्मा,**
**थाना प्रभारी दिनारा।**

## शहर में बनेगा वन स्टॉप सेंटर, मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने किया शिलान्यास





शिवपुरी। खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शनिवार को शिवपुरी भ्रमण पर आयीं। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। शहर में बन रहे वन स्टॉप सेंटर का शिलान्यास किया। लगभग 48 लाख की लागत से यह वन स्टॉप सेंटर तैयार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वन स्टॉप सेन्टर योजना केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत किसी भी प्रकार की हिंसा से पीडित महिलाओं और बालिकाओ को एक ही स्थान पर अनेक सहायता जैसे- चिकित्सा सहायता, आश्रय सुविधा, परामर्श सहायता, विधिक सहायता, पुलिस सहायता इत्यादि उपलब्ध कराई जाती है। अभी वन स्टॉप सेन्टर (सखी) जिला स्तर पर न्यू ब्लाक में माह जून 2018 से संचालित है। वन स्टॉप सेन्टर के भवन निर्माण के लिए 48 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। अब नया भवन फिजिकल रोड कोठी नं 06 के पीछे 7500 वर्ग फीट क्षेत्र में बनाया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वन स्टॉप सेन्टर में अभी तक कुल 709 पीडित महिलाओ को सुविधाये उपलब्ध कराई गई है। जिसके अंतर्गत आश्रय सुविधा 188, परामर्श 261, विधिक सहायता 120, चिकित्सा सहायता 90, पुलिस सहायता 50, कुल पंजीकृत प्रकरण 709 है।शिलान्यास कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजू बाथम पूर्व विधायक प्रहलाद भारती,कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल जिला पंचायत सीईओ एचपी वर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंदरियाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित थे।





## अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन की लगातार कार्यवाही, एफआईआर दर्ज







शिवपुरी। अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन सख्ती से कार्यवाही कर रहा है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने भी भ्रमण करके कई क्षेत्रों का जाय?ा लिया। पुलिस चौकी सुनारी अंतर्गत खनिज रेत के उत्खनन स्थल कल्याणपुर, दबारसनी, लमकाना, अंडोरा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्थान पुलिस और खनिज अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि अवैध खनन के प्रति इनको लगातार सक्रिय होकर कार्यवाही करना है। लमकना में रेत उत्खनन के लिए बनाये गए नदी पहुच मार्ग को गड्ढा खोदकर बंद कराए जाने के निर्देश भी दिए, जिससे यहां से अवैध परिवहन पर अंकुश लगाया जा सके।अवैध उत्खनन पर राजस्व , खनिज, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पपरेडू में जांच के दौरान लगभग 60 घनमीटर खनिज रेत का अवैध भंडारण एवम ग्राम दबारसनी में तीन पांडुब्बिया और लगभग 250 घनमीटर खनिज रेत का अवैध भंडारण होना पाया गया। इस पर खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और करेरा थाने में एफ आई आर दर्ज की गई है।

## गौशाला के गेट के नीचे दबने में अनुराग की मौत के मामले में सरपंच सचिव और इंजीनियर पर मामला दर्ज

शिवपुरी।



जिले के गोवर्धन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बूढदा में घटिया सामग्री से एक वर्ष पहले बनी गौशाला के गेट का पिलर ढहने से युवक अनुराग आदिवासी दब गया और उसकी मौत हो गई। इस मामले को सबसे पहले शिवपुरी समाचार डॉट कॉम ने प्रकाशित करते हुए दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की थी। इस मामले की सूचना जैसे ही सहरिया क्रांति के संयोजक संजय बेचैन को लगी तो उन्होंने ततकाल सहरिया क्रांति के सदस्यों को मौके पर भेजा। सहरिया क्रांति के सदस्यों ने मौके पर पहुँचकर प्रदर्शन किया जिसके बाद गोवर्धन थाने में पुलिस ने घटिया निर्माण कार्य कराने वाली ऐजेंसी पंचायत के सरपंच दिनेश परिहार, पंचायत सचिव सुरेश धाकड़ बूड़दा एवं इंजीनियर अविनाश सक्सेना के खिलाफ धारा 304 ए का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुराग पुत्र रामसेवक आदिवासी उम्र 10 साल अपने पिता रामसेवक के साथ अभी एक साल पहले बनी गौ शाला में गायों की देखभाल के लिए गया हुआ था। पिता गाय की सेवा में लगा हुआ था तभी अचानक घटिया निर्माण से बना इस गौशाला का गेट भरभराकर गिर गया। इस गेट की चपेट में अनुराग आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले की सूचना पर परिजन मासूम को लेकर बैराड़ उप स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचे। जहां डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। उक्त गौशाला का निर्माण 1 साल पहले ही किया गया था। जो घटिया निर्माण की बानगी बना हुआ था। इस गौशाला में गायों की देखभाल रामसेबक करता था। आज उसका बेटा उसके साथ चला गया और घर का चिराग बुझ गया। बैराड़ उपस्वास्थ्य केंद्र में पीएम कराया गोवर्धन थाने में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू करदी। इतना ही नहीं घटिया निर्माण करा रहे पंचायत के सरपंच, सचिव एवं इंजीनियर पर धारा 304 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए मील का पत्थर साबित हुईं : मंत्री श्री भदौरिया





## आवास की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के 4 करोड़ 62 लाख हितग्राहियों के खातों में अंतरित

## जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका परिषद भिण्ड में आयोजित किया गया

भिण्ड। जिले के सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका भिण्ड में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामनरेश शर्मा, मंडलों के अध्यक्ष, एसडीम भिण्ड उदय सिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले, सीएमओ नगर पालिका भिण्ड सुरेंद्र शर्मा, पत्रकारगण सहित आमजन उपस्थित थे।

जिले अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के कुल 524 हितग्राहियों को आवास की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के 4 करोड़ 62 लाख से अधिक की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई साथ ही जिले के 206 हितग्राहियों के भूमि पूजन कराया गया एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि पक्के आवास में रहना सबका सपना होता हैं। जिस पर हवा, पानी बिजली पर सबका हक होता है, ठीक उसी प्रकार पक्के आवास में रहना सभी का हक है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी गरीबो के लिए वरदान साबित हुई हैं। सभी को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है, जिससे गरीबो को बरसात, धूप, ठंडी में किसी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड़ रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मप्र का कोई भी निर्धन भाई-बहन पक्के मकान के बिना नही रहेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार सबके लिए विकास की दिशा में कदम उठा रही है। जिसके अंतर्गत कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा नही सोयेगा। उन्होने कहा कि म.प्र. के हर गरीब व्यक्ति के लिए रोटी, कपडा और मकान की सुविधा के साथ उनके बच्चो की पढाई-लिखाई की दिशा में निरंतर कदम उठाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी नगरीय निकायों में प्रथम किश्त हेतु 297 हितग्राहियों को 297 लाख रुपये, द्वितीय किश्त हेतु चयनित 129 हितग्राहियों को 126.20 लाख, तृतीय किश्त हेतु चयनित 98 हितग्राहियों को 51 लाख रुपये खातों में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अंतरित किए, साथ ही 206 हितग्राहियों को भूमिपूजन कराया गया हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष राम नरेश शर्मा ने भी उद्बोधन दिया। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के द्वारा भी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के संवंध में कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कार्यक्रम में 5 हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

## दबोह पुलिस ने स्कार्पियो में पकड़ी अग्रेंजी शराब

भिण्ड। शनिवार को जिले के थाना दबोह पुलिस ने एक स्कॉर्पियों गाड़ी से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां जप्त की है। पुलिस ने मुखविर की सूचना पर एक स्कार्पियो सफेद कलर गाडी क्रमांक एमपी04 सीके 2074 लहार तरफ से भाण्डेर की ओर शराब लेकर जा रही है। मुखविर के बताये अनुसार एक स्कार्पियो सफेद कलर की आती हुई दिखी जो पुलिस बल की मदद से रोककर



स्कार्पियो को चैक किया चैकिंग की कार्यवाही होता देख स्कॉर्पियो चालक मौके का फायदा उठाकर गाडी छोड़कर भाग गया। जब स्कार्पियो का गेट खोलकर देखा गया तो उसमें कार्टून में 06 पेटी इंग्लिश शराब की पायी गई। पुलिस ने पेटियों को खोलकर चैक किया तो पहली पेटी के ऊपर आई बी 12 बोतल जो 750 एमएल थी, जो 09 लीटर पायी गयी। दूसरे कार्टन को खोलकर चैक किया तो आईबी के हाफ 24 नग जिसमें 375 एमएल जो 09 लीटर तीसरी पेटी को खोलकर चैक किया तो एमडी की 12 बोतल 750 एमएल जो 09 लीटर, चौथी पेटी को खोलकर चैक किया तो रोयल स्टेज के आफ 24 नग जिसमें 375 एमएल जो 09 लीटर पांचवी पेटी को खोलकर देखा तो रोयल स्टेज की 12 बोतल 750 एमएल जो 09 लीटर एंव छटवी पेटी को खोलकर देखा तो एमडी के आफ 24 नग 375 एमएल जो 09 लीटर कुल शराब 54 लीटर शराब जिसकी कीमत 61320 रूपये की है एवं जप्त सुदा स्कार्पियो गाडी कीमती 10 लाख रूपये बरामद की है। पुलिस ने आवकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया तथा फरार आरोपी की तलाश जारी है। कार्यवाही करने वालों में निरीक्षक प्रमोद साहू, प्रआर 917 श्रीकृष्ण गोयल, प्रआर 349 नरेश सिहं, आर0 865 आशीष शर्मा आर0 1097 नरेन्द्र शाक्य, सैनिक अशोक सिंह की अहम भूमिका रही।

## सहकारिता मंत्री ने बेसहारा परिवार को निजी बजट से मकान बनाने की घोषणा, वर्चुअल मीटिंग से मीडिया से हुए रुबरु

**-लहार क्षेत्र के ग्राम अमहा गांव में कोरोना में माता-पिता की म्रत्यु के पश्चात बेसहारा हो गया है परिवार, समाजसेवी व प्रशासन कर रहा मदद**

**-कलेक्टर एवं एसपी ने बच्चों के दादा की सहमति पर बच्चो को शिशु गृह में कराया प्रवेश, संपूर्ण व्यवस्था के दिए निर्देश**





भिण्ड। प्रदेश के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ.अरविंद सिंह भदौरिया ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से रूबरू होकर शनिवार शाम 4.30 बजे मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि लहार क्षेत्र के ग्राम अमहा गांव में कोरोना में एक गरीब परिवार के माता-पिता की मौत हो गई थी और उनके बच्चों का सहारा छिन गया, जिसको लेकर मीडिया ने खबरे प्रकाशित की तो उन्होंने तुरंत मामले को संज्ञान में संवेदशीलता दिखाते हुए बेसहारा परिवार को निजी बजट से मकान बनवाने की घोषणा की। इसके साथ ही सभी बच्चों को शिक्षा के लिए भी कलेक्टर को निर्देश देने की बात की। पूर्व एवं लहार विधायक डॉ.गोविन्दसिंह के विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के बाद मीडिया संज्ञान में यह मामला आया था। इसके अलावा विधायक निधि से 20 हजार और कुछ गांव के धनाढय लोगों से 20 हजार की मदद के अलावा कुछ ठेकेदारों से भी मदद करवाई। साथ ही सिंह ने गांव के सरपंच को निर्देश दिया कि इन बच्चें के लिए दूध की व्यवस्था भी करवायें, जिसका जो भी खर्चा होगा वह स्वयं उठायंगे। इसके बाद यह मामला मीडिया के प्रकाश में आया और मीडिया ने कोरोना काल में इन बच्चों के माता-पिता की मौत होने का मामला देशभर में दिखाया तो शासन-प्रशास भी सक्रिय हो गया और इन बच्चों को सहायता पहुंचाई जाने लगी। जिसके बाद सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ.अरविंद सिंह भदौरिया ने मामले सक्रियता दिखाते हुए परिवार को अपने निजी खर्चे से मकान बनाने की घोषणा कर दी।

ज्ञात हो कि लहार क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमाह में शमसान घाट के पास बसे पांच बाल्मीक समाज के अनाथ बच्चे भीख मांगकर अपना-जीवन यापन कर रहे थे, कोरोना काल मे इन बच्चों के माता-पिता का निधन हो गया था जिसके बाद ये बच्चे बेसहारा हो गए और गांव में भीख मांगकर अपना जीवन यापन करने लगे, जिसके बाद जब गांव मे लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह का आना हुआ तो ये बच्चे सामने आ गये, ग्रामीणों ने इनकी दस्तान विधायक को अवगत कराई एए जिसके बाद उन्होंने इन मासूमो की मदद करने का जिम्मा अपने सर ले लिया और तत्काल 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी स्वीकृत की।

**कलेक्टर एवं एसपी ने बच्चों के दादा की सहमति पर बच्चो को शिशु गृह में कराया प्रवेश कराया संपूर्ण व्यवस्था के दिए निर्देश**

भिंड जिला प्रशासन को ग्राम आमहा तहसील लहार जिला भिण्ड में एक परिवार के 5 अनाथ बच्चों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी, जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को उनके दादा मनिपाल की सहमति से महिला कल्याण समिति भिण्ड द्वारा संचालित शिशु गृह में प्रवेशित कराया गया है। यहां बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने शिशु गृह पहुंच बच्चों से मिल कर उनसे चर्चा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को एवं शिशु गृह संचालक को निर्देशित किया कि बच्चों की स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे।

## सड़कों पर गोवंश हो रहा दुर्घटना का शिकार गौ रक्षा संगठन कर रहा बचाव का प्रयास

### गौशाला का निर्माण कार्य लंबे समय से बंद प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

भिण्ड। दबोह नगर की मैन रोडो पर भटकती बेसहारा गायों के झुंड के झुंड डेरा जमाए रहते हैं राह चलते के नागरिकों एवं वाहनों का निकलना मुश्किल होता है अनियंत्रित दौड़ते वाहन आए दिन गायों को टक्कर मारकर घायल करते रहते हैं एक्सीडेंट की घटनाओं से पूर्व में भी कई गायों की मौत हो चुकी है प्रशासन मूक दर्शक बनकर गायों को घायल होते मरते देखता रहता है यातायात व्यवस्था नियंत्रित के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा भी आवश्यक जगहों पर वेरीकैट्स नहीं लगाय जाते नगर में स्वीकृत गौशाला का भी निर्माण काफी लंबे समय से बंद चल रहा है नगर परिषद द्वारा भी बेसहारा गायों के समुचित प्रबंध की ओर कभी ध्यान नहीं दिया गया सरकार प्रशासन और समाज की अनदेखी के कारण दुर्दशा का शिकार हो रही गौ माता को बचाने का प्रयास गौ रक्षक कर रहे हैं दबोह नगर पहुंचे गौ रक्षा संगठन संस्थापक संतोष चौहान ने एक्सीडेंट से बचाव के लिए रोड पर भटकती बेसहारा गायों के सीगो पर चमकने वाली रेडियम पट्टी लगाई साथ ही समाज प्रशासन और सरकार के लोगों को सचेत करते हुए संतोष चौहान ने कहा कि गौ माता के दुर्दशा पूर्ण हालातों को नजरअंदाज ना करें गौ सेवा गौ रक्षा का मानवीय धार्मिक कर्तव्य का निर्वहन करें गौ माता के श्राप से डरे।



गायों के रेडियम पट्टी लगाने की सेवा कार्य में गौरक्षा संगठन के राम मोहन मुद्गल, नीलू शर्मा, राम मोहन तिवारी, टिंकू दीक्षित, रामू राजोरिया, राजेंद्र यादव, राजकुमार, सत्येंद्र कौरव, दिनेश दुबे आदि लोगों ने सराहनीय सहयोग किया।

## शिक्षकों ने दिये रूपये एक-एक हजार 71 नवप्रवेशी छात्रों को मिली 426 नोटबुक



भिण्ड। शनिवार को विकासखण्ड भिण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय शा. हाई स्कूल रछेडी में नवप्रवेशी 71 छात्रों को 426 नोटबुक (कॉपियों) का वितरण किया गया। उक्त जानकारी को देते हुए शा.हाई स्कूल रछेडी की प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी यादव ने बताया कि इस इस वर्तमान सत्र 2021-22 में 71 छात्र नवप्रवेशी थे। प्रत्येक छात्र को 6-6 नोटबुकों का वितरण भिण्ड विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सिंह भदौरिया, भिण्ड बी.आर.सी.सी सतेन्द्र सिंह कुशवाह एवं जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी राघवेन्द्र सिंह कुशवाह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर

भिण्ड विकासखण्ड शिक्षा अधिकार उमेश सिंह भदौरिया ने कहा कि आप सभी के अन्दर भी किसी भी प्रकार की प्रतिभा की कमी नहीं है, आप कर्तव्य निष्ठ होकर अध्ययन कार्य में लगे रहे आप नी मेधावी छात्र बन सकते है। गत सत्रों में भी शासकीय हाईस्कूल रछेडी स्कूल के छात्रों ने 92 प्रतिशत अंको से अधिक अंक लाकर बोर्ड परीक्षा पास की है। आप भी ये रिकॉर्ड तोड़ सकते है। इसी क्रम में बी.आर.सी.सी भिण्ड सतेन्द्र सिंह कुशवाहा ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में शासकीय हाईस्कूल रछेडी विगत सत्रों से ही बोर्ड परीक्षा परिणाम में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के कई परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, ऐसे समय में शासकीय हाईस्कूल रछेड़ी के शिक्षकों के द्वारा नोटबुकों का यह दान बहुत अहम भूमिका रखता हैं। उपस्थित अतिथियों ने मुख्य अतिथि के रूप में भिण्ड बी.ई.ओ उमेश सिंह भदौरिया का स्वागत विद्यालय के वरिष्ट शिक्षक प्रेम सिंह देवेश ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में भिण्ड बी.आर.सी.सी सतेन्द्र सिंह कुशवाह का स्वागत विद्यालय के शिक्षक इन्द्रपाल सिंह कुशवाह ने एवं कार्यक्रम की अध्ययक्षता के रूप में संकुल प्राचार्य राघवेन्द्र सिंह कुशवाह का स्वागत विद्यालय के शिक्षक रामसंजीवन भारद्वाज ने माल्यपर्ण कर किया।

## भिण्ड में खुले मेडिकल कॉलेज : ठाकुर

### लोसपा चलाएगी 1 सितंबर से मेडिकल कॉलेज की को लेकर हस्ताक्षर अभियान



भिण्ड। प्रख्यात समाजवादी चिंतक चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर ने भिण्ड प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता के माध्यम से भिण्ड में मेडिकल कॉलेज की मांग करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षो में कई स्थानों पर मेडिकल कॉलेज खुले हैं। उन्होंने कहा कि दतिया से झांसी मात्र 30 किलोमीटर दूर है दोनों जगह मेडिकल कॉलेज हैं इसी प्रकार विदिशा से कुछ ही दूरी पर भोपाल में तीन मेडिकल कॉलेज हैं उसके बावजूद भी विदिशा में मेडिकल कॉलेज की सुविधा है। जबकि भिण्ड से ग्वालियर लगभग 80 किलोमीटर दूरी पर है फिर भी यहां मेडिकल कॉलेज की सुविधा नहीं है। भिण्ड एक पिछड़ा इलाका है यहां मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी 1 सितंबर से मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर जिले में हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। पहले चरण में 1 से 10 तारीख तक भिंड शहर के अलग-अलग चौराहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार 10 तारीख से जिले की सभी तहसीलों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। दूसरे चरण में पार्टी इसके लिए ज्ञापन देकर सत्याग्रह, धरना आदि करेगी। श्री ठाकुर ने बेरोजगारी पर बोलने हुए कहा कि कोरोना काल में करोड़ों लोग बेरोजगार हुए हैं ओर कोरोना काल में जिन लोगों के रोजगार चले गये चले गए। जिनमें करोड़ों किराना व्यापारी, रेहड़ी-पटरी वाले, स्ट्रीट वैंडर, बाइयाँ आदि जो महानगरों में कार्य करती थी उनका रोजगार चला गया और उन्हें पलायन करना पड़ा लाखों लोग जो फैक्ट्रियों में कार्य करते थे कोरोना के दौरान उनका रोजगार चला गया।

## ऑटो रिक्शा व टमटम में बैठकर वारदात देने वाली अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह गिरफ्तार, 10 लाख रुपये का मशरुका जब्त

### पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी ने मीडिया के सामने वारदात को किया खुलासा

### त्योहार के समय चोर गिरोह बाजार में सक्रिय होकर वारदात देता था अंजाम





भिण्ड। मोहर्रम एवं रक्षा बंधन के त्यौहार के समय टमटम गाडियों में बैठी महिलाओं के पर्स में से सोने चांदी के जेवरातों की लगातार चोरी होने की सूचना पर से मान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस की टीम को बाजार में तैनात किया गया था। थाना सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षकके द्वारा दिये गये टास्क को सजगता से लिया जाकर अंतर्राज्जीय महिला चोर गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल हुई। पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड के कुशल एवं प्रभावी नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड के मार्गदर्शन में सम्पत्ति संबंधी अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली भिण्ड के द्वारा अंतर्राज्यीय महिला चोर गिरोह का पर्दाफास कर उनके कब्जे से दस लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस कंट्रोल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान शनिवार दोपहर 1 बजे मीडिया को बताया चोर गिरोह की सरगना उर्मिला पत्नि ओमवीर मोगिया उम्र 35 साल निवासी फारूकनगर (गुडगांव) हरियाणा हाल रेलवे स्टेशन के पास धौलपुर हाल ग्राम घुसगमा ;मुरैनाद्ध हाल भरतपुर राजस्थान हाल चतुर्वेदी नगर भिण्ड पिंकी पत्नि रामकिशन उम्र 27 साल आदिवासी निवासी आजादनगर भरतपुर राजस्थानए शान्ति देवी पत्नि महेन्द्र मोगिया उम्र 50 साल निवासी सुनारपुरा गोरमी जिला भिण्ड सपना पुत्री महेन्द्र मोगिया उम्र 20 साल निवासी सुनारपुरा गोरमी भिण्ड एवं राधा पुत्रि महेन्द्र मोगिया उम्र 18 साल निवासी सदर को थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्रमांक 452/21 धारा 379 भादाविए 456/ 21 धारा 379, 462/21 धारा 379 भादावि एवं 463/21 धारा 379 भादावि में गिरफ्तार किया

### महिला चोर गिरोह से यह मशरुका किया गया जब्त

पुलिस ने बताया महिला चोर गिरोह के कब्जे से मसरुका सोने चांदी के जेवरात एक जंजीर सोने की, एक मंगलसूत्र, दो अंगुठी, एक जोडी चांदी की तोडिया, सोने की एक हाय एक बारी एवं नगदी एवं दूसरे प्रकरण में दो अंगुठी सोने की और नगदी तीसरे प्रकरण का मसरुका एक जोडी सोई धगा एक जोड झुमकी सोने की तीन अंगुठी जनाने सोने की, एक माला पेण्डल तथा एक बड़ा मंगलसूत्र सोने का एवं चौथे प्रकरण का मसरुका एक जंजीर सोने की दो अंगुठी मर्दानि सोने की, एक जोडे झुमकी सोने की तथा नगदी पच्चीस सौ रुपये बरामद किये गये।

### फर्जी आधार कार्ड भी किए जब्त

महिला चोर गिरोह की सरगना उर्मिला मोगिया पत्नि ओमवीर मोगिया उम्र 35 साल के अलग अलग स्थान के आधार कार्ड की प्रतियां जप्त की गई हैं तथा उपरोक्त आरोपियों से अन्य थाना हाजा एवं अन्य थानों के चोरियों के संबंध में पूछताछ जारी है। उपरोक्त अंतर्राज्जीय महिला चोर गिरोह के द्वारा विभिन्न शहर भरतपुर, धौलपुर, ग्वालियर, भिण्ड इत्यादि शहरों में चोरी के अपराधों को अंजाम दिया गया है।

## बचाने वाले से मारने वाला बड़ा

सिद्धार्थ एक दिन पाकिस्तान सीमा के निकट घूम रहे थे। राज कुमार सबका मन जीत लेने वाले सैनिक की वेषभूशा में थे। तभी राजकुमार को एक उड़ता हुआ ड्रोन दिखा। ड्रोन तेजी से पाकिस्तान से भारत की ओर उडान भरता घुसा चला आ रहा था। राजकुमार ने अपनी पिस्टल निकाली निशाना साधा और ड्रोन नीचे आ गिरा। दौड़ते हुये राजकुमार ड्रोन के निकट पहुंचे, आस पास से और भी लोगों ने गोली की आवाज सुनी और आसमान से कुछ गिरते हुये देखा तो वहां भीड एकत्रित हो गई। सखा बसंतक भी वहीं था जो आजकल पत्रकारिता करता है। किसी सनसनीखेज खुलासे की खोज में कैमरा लटकाये बसंतक प्रायः सिद्धार्थ के साथ ही बना रहता है। सिद्धार्थ ने निकट पहुंच कर देखा कि ड्रोन में विस्फोटक सामग्री का बंडल बधां हुआ है। तुरंत मिलिट्री पोलिस को इत्तला की गई। पडोसी मुल्क की साजिश बेनकाब और नाकाम हुई। टी वी पर ब्रेकिंग न्यूज चलने लगी। सिद्धार्थ की प्रशंसा होने लगी। भाई देवदत्त को यह सब फूटी आंख नहीं भाया। शाम के टी वी डिबेट में भाई की पूरी लाबी सक्रिय हो गई। भाई ने कुतर्क दिया इतिहास गवाह है कि राजा शुद्धोधन के जमाने में जब उसने इसी तरह एक हंस को मार गिराया था तो मारने वाले से बचाने वाला बडा होता है यह हवाला देकर उसका गिराया हुआ हंस सिद्धार्थ को सौंप दिया गया था। अतः आज जब इस ड्रोन को सिद्धार्थ ने गिराया है तो, आई हुई मैत्री भेंट को उसे सौंप दिया जावे तथा सिद्धार्थ को ड्रोन मार गिराने के लिये कडी सजा दी जावे। ड्रोन भेजने वालो को बचाने के अपने नैतिक कर्तव्य की भी याद भाई ने डिबेट में दिलाई। सिद्धार्थ के बचाव में बहस करते प्रवक्ता ने तर्क रखा बचाने वाले से मारने वाला भी संदर्भ और परिस्थितियों के अनुसार बड़ा होता है। कोरोना जैसे जीवाणुओ को मारना, खेलों में प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को पटखनी देना, ब्रेन डेड मरीज को परिस्थिति वश मारने के इंजेक्शन देना, आतंकवादियो को मारना, युद्ध में विपक्षी सेना को मारना, सजायाफ्ता मुजरिम को फांसी देकर मारना भी बचाने वाले से मारने वाले को बड़ा बनाता है। भाई की लाबी ने बीच बीच में जोर से बोल बोलकर बाधा डालने की टी वी बहस परम्परा का पूरा निर्वाह किया। विधान सभाओ, राज्य सभा व लोक सभा कि तरह पता नही सबको समझ आने वाली सीधी सरल बातें भी भाई को क्या कितनी समझ आयी, पर टी वी डिबेट का समय समाप्त हो चुका था और अर्धनग्न बाला के स्नान का रोचक विज्ञापन चल रहा था जिसे देखने में देवदत्त खो गया।



# तालिबान समर्थित स्वरों के निहितार्थ

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

अफगानिस्तान में भय दिखाकर तालिबान द्वारा किए गए कब्जे के बाद भारत में समर्थन करने जैसे स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। हालांकि कुछ लोगों ने ऐसे स्वर निकालने के बाद या तो उस पर सफाई दे दी है या फिर वे शांत हो गए हैं। इसके पीछे एक मात्र कारण यह भी हो सकता है कि अब भारत देश का जो वातावरण दिख रहा है, वह पहले जैसा नहीं है। पहले के समय में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम कई लोग ऐसे बयान देने वालों के समर्थन में भी खड़े होते दिखाई दिए। तालिबान के आतंक के विरोध में बढ़ रहे स्वरों को देखकर यह तो समझा जा सकता है कि जिस प्रकार से आतंकी सरगना लादेन के समर्थन में खुलकर स्वर सुनाई दे रहे थे, जिस प्रकार याकूब मेनन के जनाजे में हजारों की भीड़ शामिल हुई, इससे बहुत लोगों की आंखें भी खुली हैं। लेकिन अब जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने तालिबान के बहाने केन्द्र सरकार को चेतावनी भरे अंदाज में कहा है कि %सुधर जाओ, हमारे सब्र का इम्तिहान मत लो, मिट जाओगे'। महबूबा मुफ्ती का यह बयान निश्चित ही कश्मीर की स्थिति को फिर से बिगाडने का संकेत दे रहा है। ऐसा लगता है कि महबूबा मुफ्ती को पहले के बयानों के चलते जिस प्रकार की आलोचना झेलनी पड़ी, उससे उन्होंने कोई सबक नहीं लिया। महबूबा मुफ्ती का बयान निसंदेह तालिबानी अंदाज वाला ही है। महबूबा को समझना चाहिए कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गई सरकार जनता की आकांक्षाओं के अनुसार ही बनती है। महबूबा मुफ्ती का बयान एक प्रकार से जनता का अपमान भी है। इतना ही नहीं महबूबा ने यह बयान देकर सीधे तौर पर आतंक का समर्थन करने वाली भाषा ही बोली है। ऐसा नहीं है कि आतंक को प्रश्रय देने वाला यह बयान पहली बार आया है, इससे पहले भी वे कई अवसरों पर पाकिस्तान परस्ती बयान दे चुकी हैं।

वास्तव में उचित यही होता कि महबूबा मुफ्ती अफगानिस्तान में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आवाज उठातीं, लेकिन एक महिला के होने के बाद भी उन्होंने इसके बारे में कुछ भी नहीं बोला। अफगानिस्तान में तालिबान भले ही महिलाओं को लेकर अच्छी राय प्रदर्शित करने वाले बयान दे रहा हो, लेकिन जिस प्रकार के दृश्य सामने आ रहे हैं, उससे यही लगता है कि वे महिलाओं को ज्यादा अधिकार देने की मानसिकता में नहीं हैं। महबूबा मुफ्ती एक मुस्लिम के साथ ही राजनेता भी हैं, लेकिन उनका बयान ऐसा कतई नहीं माना जा सकता कि उन्हें राजनेता की श्रेणी में माना जाए, वे विशुद्ध रूप से मुस्लिम मानसिकता के वशीभूत होकर ही बयान दे रही हैं। ऐसे ही बयानों के चलते पाकिस्तान को भारत पर आघात करने का अवसर मिल जाता है। हम जानते ही हैं कि भारत में पाकिस्तान परस्त मानसिकता के कारण ही आतंकी समूह सक्रिय हो जाते हैं। जम्मू कश्मीर में इसके प्रमाण भी मिल चुके हैं।

जहां तक अफगानिस्तान में तालिबानी आतंक की बात है तो इससे भारत के शत्रु देश चीन और पाकिस्तान अंदरूनी तौर पर उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि तालिबान को पाकिस्तान में फल फूल रहे आतंकी सरगनाओं को पूरा समर्थन भी मिल रहा है। जो आतंकवादी भारत के सिरमौर कश्मीर में लोगों को बरगलाने का कार्य करते हैं, देर सबेर इन्ही आतंकियों को तालिबान का सहारा मिलेगा और यह स्थिति कश्मीर में फिर से वैसी ही स्थिति पैदा करने का मार्ग तैयार करने वाली है, जो जम्मू कश्मीर में पहले बनी थी। आज जम्मू कश्मीर पूरी तरह से बदला हुआ है। वहां जनमानस सुख शांति की राह पर कदम बढ़ाने के लिए तैयार हो रहा है, ऐसे में महबूबा मुफ्ती का बयान किस प्रकार की मानसिकता का प्रदर्शन कर रहा है। बड़ा सवाल यह है कि महबूबा मुफ्ती भारत देश की नेता हैं या फिर तालिबान की? यह बात सही है कि तालिबान मुस्लिम संप्रदाय के हिसाब से शासन करने की वकालत करता है, जिसमें लोकतंत्र जैसी कोई गुंजाइश भी नहीं है। महबूबा मुफ्ती का धमकी भरा बयान भारत में तालिबानी संस्कृति पैदा करने की ओर ही इशारा करता है। जहां तक अपने पंथ और संप्रदाय की बात है तो इसे सभी को मानने का अधिकार हमारा संविधान प्रदान करता है, लेकिन जिन बयानों से देश का वातावरण बिगडने का संकेत मिलता है, ऐसे बयान निश्चित ही राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में ही आते हैं। महबूबा मुफ्ती को अपने संप्रदाय से ऊपर उठकर देश के बारे में भी सोचना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपने ही देश की सरकार को चेतावनी दे दी।



तालिबान ने अफगानिस्तान में जो कृत्य किया है, उसे अफगानियों की दृष्टि से देखा जाए तो यही लगता है कि तालिबान ने लोगों की स्वतंत्रता पर कुठाराघात किया है। तालिबान के शासन के बाद अफगानिस्तान के नागरिकों को अपने मनमुताबिक जीवन जीने का कोई भी अधिकार नहीं मिलेगा। इसे व्यक्तियों के स्वत्व पर हमला निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। सवाल यह भी है कि जो लोग भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कुछ भी बोलने को जायज ठहराते हैं, उन्हें भी तालिबान का रवैया पसंद आ रहा है। जिन लोगों को भारत देश में रहने से डर लगता था, वह भी तालिबान की घटना पर मौन धारण करके बैठ गए हैं। सबसे बड़ी बात यह भी है कि किसी मुस्लिम के साथ कोई गैर मुस्लिम ऐसा कार्य करता तो पूरे विश्व के मुसलमान आवाज उठाने लगते। लेकिन तालिबान यही कार्य कर रहा है, तब सबकी बोलती बंद हो गई है।

तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर किए गए कब्जे के बाद निश्चित रूप से उन दिनों की कल्पना होने लगी है, जब अफगानिस्तान पर मुगलों ने आक्रमण किया होगा। हम जानते हैं कि एक समय अफगानिस्तान भारत का ही हिस्सा था, जिसे भारत से अलग करके अलग देश बना दिया। महाभारत की गांधारी का गांधार क्षेत्र इसी अफगानिस्तान का हिस्सा ही था। इसलिए यह कहा जा सकता है कि आज अफगानिस्तान में जो मुस्लिम हैं, वे सभी एक समय हिन्दू ही थे। इसी प्रकार भारत के मुसलमान भी मुगलों के वंशज नहीं हैं। वे सभी हिन्दू ही थे, वे अपने पूर्वजों का अध्ययन करेंगे तो उन्हें भी अपने पूर्वजों में राम कृष्ण दिखाई देंगे। लेकिन यह विसंगति है कि मुसलमान समाज अपने पूर्वजों द्वारा की गई अतीत की गलतियों से कोई सीख नहीं ले रहा। यह सभी स्मरण में रखना चाहिए कि जब देश रहेगा, तब ही हमारा अस्तित्व रहेगा।

जहां तक मुसलमानों के सुरक्षित जीवन यापन का सवाल है तो विश्व के गैर मुस्लिम देशों में ही मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित है। जबकि मुस्लिम देशों में आपस में ही मारकाट करने की प्रतियोगिता जैसी ही चल रही है। अफगानिस्तान इसका जीता जागता प्रमाण है। इसके अलावा अन्य मुस्लिम देशों की स्थिति कमोवेश इसी प्रकार की है। सवाल यह भी है कि इन देशों में मुसलमान ही मुसलमान का शत्रु बना हुआ है। ऐसे में शांति के मजहब के रूप में प्रचारित किए जाने वाले इन मुस्लिम देशों में आज सबसे ज्यादा असुरक्षा की भावना है। इस सत्य को पहचानने की आवश्यकता है। अगर शांति की तलाश करना है तो विश्व को भारतीय संस्कृति के मार्ग पर चलने की ओर प्रवृत होना पड़ेगा, इसी में सबकी भलाई है और यही शांति का एक मात्र रास्ता भी है।

## साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साथ उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए। उच्छृंखलता या स्वच्छंदता जहां प्रवेश पा लेती है, वहां से अनुशासन, व्यवस्था आदि तत्वों का पलायन हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति और समूह दोनों के लिए हितकर नहीं है। सुविधा के साथ भी साधना का विरोध नहीं है। साधना के नियम जिस सीमा तक स्वीकृति देते हैं।

## हॉकी के जादूगर थे मेजर ध्यानचंद

**योगेश कुमार गोयल**

भारत में प्रतिवर्ष हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान् खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।



1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए। दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरूबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया।

# खेती पिछड़ रही

### सूडोकू नवताल- 5816

✱☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaus.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकू नवताल -5815 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

**सिद्धार्थ शंकर**

पूरे देश में ही खेतों के बंटवारे, खेती की बढ़ती लागत, फसल के वाजिब दाम के सुनिश्चित न होने, सिंचाई की माकूल व्यवस्था के अभाव जैसी समस्याओं के कारण खेती पिछड़ रही है। परिवारों के बंटवारे से जैसे ही जोत छोटी होती है तो खेती में मशीन व तकनीक के उपयोग की लागत बढ़ जाती है। इसी के चलते किसान खेती से बाहर निकल कर वैकल्पिक रोजगार की तलाश में खेत बेच कर बड़े शहरों की राह पकड़ता है। देश में किसानों की कुल संख्या लगभग 15 करोड़ है। पांच साल पहले यह संख्या करीब 14 करोड़ थी। लेकिन इसमें लघु और सीमांत किसानों की संख्या 86 फीसद है। वहीं उत्तर प्रदेश में लघु और सीमांत किसान 93 फीसद हैं जिन्हें खेती के बदौलत दो जून की रोटी मिलना मुश्किल हो रहा है। बुंदेलखंड जैसे इलाकों में हर तीन-चार साल में अल्प वर्षा तो खेती की दुश्मन है ही, आवारा पशु एक नई समस्या के रूप में उभरे हैं।

एक तो छोटा-सा खेत, वह भी प्रकृति की कृपा पर आश्रित और उसमें भी गायों का रेवड़ घुस गया तो किसान बर्बादी अपनी ही आंखों के सामने देखता रह जाता है। यदि मवेशी को भगाएं और वह दूसरे के खेत में चले गए तो उससे फौजदारी तय है। ऐसे में बुंदेलखंड से दिल्ली आने वाली ट्रेन व बसें हर समय गारा-गुम्मा का मजूरी करने वालों से अटी रहती हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में करीब ढाई करोड़ हेक्टेयर भूमि है जिसमें से शुद्ध बुआई वाला रकबा एक करोड़ 68 लाख 12 हजार



हेक्टेयर है जो कुल जमीन का करीब 70 फीसद बैठता है। जाहिर है, राज्य के निवासियों की रोजी-रोटी का सबसे बड़ा जरिया खेती ही है। राज्य में कोई ढाई फीसद जमीन उसर या खेती के अयोग्य भी है। प्रदेश के तिरपन प्रतिशत लोग किसान हैं और कोई 20 फीसद खेतिहर मजदूर। यानी लगभग तीन-चौथाई आबादी इसी जमीन से अपना अन्न जुटाती है। एक बात और गौर करने लायक है कि 1970-1990 के दो दशकों के दौरान राज्य में कुल बोया गया क्षेत्रफल 173 लाख हेक्टेयर स्थिर रहने के बाद अब लगातार कम हो रहा है। ऐसोचेम का कहना है कि हाल के वर्षों में कृषि के मामले में उत्तर प्रदेश की सालाना विकास दर महज 2.9 फीसद है, जो राष्ट्रीय फीसद 3.7 से बेहद कम व निराशाजनक है। विकास के नाम पर सोना उगलने वाली जमीन की दुर्दशा इस आंकड़े से आंसू बहाती दिखती है कि यूपी में सालाना 48 हजार हेक्टेयर खेती की जमीन कंक्रीट द्वारा निगली जा रही है।

2013 की कृषि नीति में सरकार ने खेती की विकास दर 5.3 फीसद तक ले जाने का लक्ष्य तय किया था। इसके लिए अनुबंध खेती, बीटी बीज जैसे प्रयोग भी शुरू किए गए, लेकिन जमीन पर कुछ दिखा नहीं, क्योंकि यह सब तभी संभव है जब खेती लायक जमीन को सड़क, शहर जैसे निर्माण कार्यों से बचाया जा सके। उत्तर प्रदेश की सालाना राज्य आय का 31.8 फीसद खेती से आता है। हालांकि यह प्रतिशत 1971 में 57, 1981 में 50 और 1991 में 41 था। इससे साफ है कि लोगों से खेती दूर हो रही है। खेती ज्यादा फायदे का पेशा नहीं रहा या फिर दीगर कारणों से लोगों का इससे मोहभंग हो रहा है। फिर दिल्ली से सटे जिलों- गाजियाबाद, बागपत, गौतम बुद्ध नगर जिले से तीन दशकों से खेत उजडने का जो सिलसिला शुरू हुआ, उससे भले ही कुछ लोगों के पास पैसा आ गया हो, लेकिन वह अपने साथ कई ऐसी बुराइयां और अपराध लाया कि गांवों की संस्कृति, संस्कार और सभ्यता सभी कुछ नष्ट होते चले गए। जिनके खेत थे, उन्हें तो कार, मकान और मौज-मस्ती के लिए पैसे मिल गए, लेकिन उनके खेतों में काम करने वाले बेरोजगार हो चले गए। उनके लिए करीबी महानगर दिल्ली में रिक्शा चलाने या छोटी-मोटी नौकरी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। जो गांव में आधा पेट रह कर भी खुश थे, वे दिल्ली में न तो खुद खुश हैं और न ही दूसरों की खुशी के लिए कुछ कर पा रहे हैं। राज्य में बड़े या मझौले उद्योगों को स्थापित करने में समस्याएं हैं। बिजली और पानी की कमी, कानून-व्यवस्था की जर्जर स्थिति, राजनीतिक इच्छा-शक्ति का अभाव।

## हमें गर्व हो कि हम भारतीय हैं

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

गुजरात के उप-मुख्यमंत्री नितीन पटेल ने कल अपने एक भाषण में बड़ी विचारोत्तेजक बहस छेड़ दी। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि भारत में हिंदुओं की बहुसंख्या नहीं होती तो क्या होता ? उन्होंने कहा कि यदि वैसा होता तो देश में न कोई धर्म-निरपेक्षता होती, न कानून का राज होता, न संविधान होता और न ही कोई मानव अधिकार होते। पटेल के इस कथत का आंतरिक अर्थ यह हुआ कि भारत हिंदू राष्ट्र है। इसीलिए यह वैसा है जैसा कि ऊपर बताया गया है। इसी कथन का दूसरा पहलू यह है कि दुनिया के जिन राष्ट्रों में दूसरे मजहबियों का बहुमत है, वहां की शासन-व्यवस्थाओं में वे सभी खूबियाँ नदारद हैं, जो भारत में हैं। नहीं, ऐसा नहीं है। यूरोप और अमेरिका जैसे राष्ट्रों में हिंदू बहुसंख्या में नहीं है लेकिन उदारता के वहां वे सब लक्षण विद्यमान हैं, जो भारत में हैं। लेकिन पटेल का इशारा कुछ दूसरी तरफ है। उनका असली प्रश्न यह है कि यदि भारत मुस्लिम बहुसंख्यक देश होता तो क्या यहां वे सब स्वतंत्रताएं होतीं जो आज हैं ? उन्होंने साथ-साथ यह भी कह दिया कि भारत के मुसलमान और ईसाई देशभक्त हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है।

उनका यह कथन बिल्कुल सही है। मुस्लिम देशों के बारे में उन्होंने जो कहा है, वह बहुत हद तक सही है लेकिन उसके कुछ अपवाद भी हैं। इसमें शक नहीं कि दुनिया के ज्यादातर मुस्लिम देशों में आज हजार-डेढ़ हजार साल पुराने अरबी कानून इस्लाम के नाम पर चल रहे हैं। जो क्रांतिकारी आधुनिकता पैगंबर मोहम्मद खुद लाए थे, गए–बीते अरबी कानूनों और परंपराओं में, उस आधुनिकता की प्रवृत्ति पर आज भी कई इस्लामी देश आँख मूंदे हुए हैं लेकिन मैंने स्वयं अफगानिस्तान, ईरान, दुबई, एराक और लेबनान जैसे देशों में अब से 50-55 साल पहले अपनी आंखों से देखा है कि उन देशों में कई लोगों की जीवन-पद्धति भारतीय भद्रलोक से भी ज्यादा आधुनिक थी। इन देशों के गैर-इस्लामी लोग कुछ अतियों की शिकायत जरुर करते थे लेकिन कुल मिलाकर वे भारत के अल्पसंख्यकों की तरह खुश दिखाई पड़ते थे। यहां तक कि जिन्ना और भुट्टो के मंत्रिमंडल में कुछ हिंदू भी थे। अफगान बादशाह अमानुल्लाह की सरकार में कई हिंदू काफी बड़े पदों पर रहे हैं। लेकिन यह सच है कि भारत-जैसी धर्म-निरपेक्षता दुनिया में कहीं नहीं रही हैं। स्पेन में महारानी ईसावेल ने मस्जिदों का और तुर्कों ने गिरजों का क्या हाल किया था ? यूरोप के मध्यकालीन केथोलिक शासकों के जुल्मों की कहानियां रोंगटे खड़े कर देती हैं। हिटलर के राज में यहूदियों का जीवन कितना नारकीय हो गया था ?

# पसलियों के दर्द से राहत दिलाने में कारगर हैं ये घरेलू नुस्खे



अगर आपको कभी भी अचानक से पसलियों में दर्द की समस्या होने लगे तो इसे हल्के में न लें क्योंकि इसके कारण आपको सांस लेने से लेकर उठने-बैठने तक में काफी दिक्कत हो सकती है। यह दर्द ठंडी हवा, असंतुलित जीवनशैली, किसी शारीरिक समस्या या फिर पसलियों में आंतरिक चोट लगने आदि के कारण हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप पसलियों के दर्द से जल्द राहत पा सकते हैं।

## शहद और चूने का लेप लगाएं

शहद और चूने का लेप एक बहुत पुराना देसी नुस्खा है जिसे अपनाने से पसलियों के दर्द से काफी हद तक राहत पाई जा सकती है। इसके लिए सबसे पहले एक या दो बड़ी चम्मच शुद्ध शहद में एक चुटकी खाने वाला चूना मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस लेप को हल्के हाथों से अपनी दर्द वाली पसलियों पर लगाएं। इससे कुछ ही समय में आपको आराम मिल जाएगा।

## सरसों के तेल से करें मालिश

पसलियों में दर्द होने पर सरसों के तेल से प्रभावित जगह की मालिश करना भी लाभदायक हो सकता है। दर्द से राहत पाने के लिए दो बड़ी चम्मच सरसों के तेल में जरा सा कपूर और एक चुटकी नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण से दर्द वाली पसलियों पर तब तक मालिश करें, जब तक कि तेल त्वचा में अच्छे से समा न जाए। जब तक पसलियों का दर्द दूर न हो जाए, तब तक इस उपाय को रोजाना अपनाएं।

## गेंहू की रोटी से मिलेगा आराम

गेंहू की रोटी के इस्तेमाल से भी पसलियों के दर्द को दूर किया जा सकता है। इसके लिए पहले गेहूं के आटे से एक मोटी रोटी बेलें और इसे एक तरफ से सेंक लें। फिर रोटी को तवे से उतारकर उसकी कच्ची वाली जगह पर थोड़ा गुनगुना सरसों का तेल और हल्दी का पाउडर लगाएं। अब इस रोटी को दर्द वाली जगह पर किसी कपड़े की सहायता से बांध दें। इससे आपको पसलियों के दर्द से जल्द आराम मिलेगा।

## जीरे से पानी से करें सिकाई

पसलियों के दर्द को दूर करने के लिए जीरे के पानी से सिकाई करना भी फायदेमंद हो सकता है। समस्या से राहत पाने के लिए पहले एक पैन में एक गिलास पानी और दो चम्मच जीरा डालकर अच्छे से गर्म करें। फिर गैस बंद करके पानी में अपनी एक उंगली डालकर देखें, अगर गर्म पानी सहन हो रहा है तो इसमें एक साफ कपड़ा भिगोकर निचोड़ें। अब इस कपड़े से दर्द वाली जगह की सिकाई करें।

# करीना कपूर ने शुरू की नई पारी

हमारे समय की गेम-चेंजिंग स्टार में से एक, करीना कपूर खान पहली बार एक स्लीक और नए जमाने की थ्रिलर के साथ निर्माता बनने के लिए तैयार हैं. एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से, अभी तक अनटाइटल्ड यह फिल्म हंसल मेहता द्वारा निर्देशित की जाएगी, जिन्होंने स्कैम 1992 की सफलता के बाद, उद्योग के सबसे समीक्षकों और व्यावसायिक रूप से प्रशंसित निर्देशकों में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया है. यह सहयोग दो मजबूत महिलाओं, एकता कपूर और करीना कपूर खान के एक साथ आने का प्रतीक है, दोनों ने अपने स्वयं के मार्ग प्रशस्त किए हैं और अपने रूल बनाते हुए स्ट्रियोटाइप को चुनौती दी है. दिलचस्प बात यह है कि ब्लॉकबस्टर 'वीरे दी वेडिंग' करीना कपूर खान की उनके बेटे तैमूर के जन्म के बाद पहली फिल्म थी और यह उनके दूसरे बच्चे के बाद उनकी पहली फिल्म होगी, संयोग से, दोनों एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित हैं.



एक सच्ची जीवन घटना से प्रेरित, कहानी यूके में स्थापित है और जल्द ही शूटिंग शुरू की जाएगी. पहली बार निर्माता बनने के लिए उत्साहित, करीना कपूर खान कहती हैं, 'एकता के साथ इस फिल्म में एक निर्माता के रूप में काम करने के लिए बहुत सम्मानित और उत्साहित हूं, जिसे मेरा परिवार वर्षों से जानता है और पहली बार हंसल द्वारा निर्देशित किया जा रहा है. मैं हंसल की फिल्मों की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं और उनके साथ पहली बार काम करना खास होगा. इस फिल्म में बहुत कुछ पहली बार है और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती.' बालाजी टेलीफिल्म्स की निर्माता एकता कपूर कहती हैं, 'करीना कपूर खान स्टार पावर और टैलेंट का डायनामाइट कॉम्बिनेशन हैं. हमने पिछली बार 'वीरे दी वेडिंग' में उनके साथ काम किया था, जो शायद किसी फीमेल स्टार की सबसे बड़ी हिट थी. दूसरी बार हमेशा एक आकर्षण होता है और मुझे विश्वास है कि यह भी दर्शकों को उत्साहित करेगी. हमारे समय के सबसे विपुल फिल्म निर्माताओं में से एक हंसल मेहता द्वारा यह कहानी सुनाना इसे और अधिक रोमांचक बनाता है! अब तक की सबसे दिलचस्प और शॉकिंग मैनस्ट्रीम फिल्मों में से एक के लिए तैयार हो जाइए'. फिल्म निर्माता हंसल मेहता कहते हैं, 'इस फिल्म के जरिए हमारा उद्देश्य करीना के साथ एक ताजा, मनोरंजक और मूडी थ्रिलर बनाना है, जिसमें मुझे उम्मीद है कि वह एक अभिनेता के रूप में अपनी अपार प्रतिभा के साथ न्याय करेगी. मैं एकता और करीना के साथ इस सफर पर निकलने के लिए उत्सुक हूं, दोनों ने अपने-अपने करियर में बहुत कुछ हासिल किया है और निस्संदेह दोनों पॉवरहॉउस हैं'।

# पहली बार गुजराती ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा नायिका देवी में मुख्य भूमिका निभाएंगी खुशी शाह




अभिनेत्री खुशी शाह गुजराती सिनेमा की पहली ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा फिल्म नायिका देवी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म भारत की पहली महिला योद्धा नायिका देवी के बारे में है जो 12 वीं शताब्दी में एक योद्धा रानी थी। यह गुजरात की चालुक्य रानी की कहानी है जिसने न केवल वर्षों तक पाटन पर शासन किया बल्कि 1178 में युद्ध के मैदान में महान मुहम्मद गोरी को भी उखाड़ फेंका। बहुभाषी अभिनेत्री ने साझा किया कि कैसे उन्हें फिल्म में नायिका देवी की भूमिका के लिए चुना गया था।

खुशी ने बताया, नायिका देवी मेरे लिए सरप्राइज बनकर आईं। निमार्ता काम करने के लिए सही स्क्रिप्ट की तलाश में थे और फिर उन्हें नायिका देवी मिली। जब उन्होंने इसे सुनाया तो मुझे कहानी बहुत अच्छी लगी। तब हमारे निमार्ता ने मुझे एक सरप्राइज दिया कि मैं फिल्म के लिए मुख्य भूमिका निभाऊंगी। मैंने एक ऑडिशन दिया और भूमिका के लिए एक स्क्रिप्ट रीडिंग टेस्ट किया गया। जिसे देखते हुए निमार्ता ने कहा कि मैं अपने व्यक्तित्व को देखते हुए इस भूमिका के लिए एकदम सही मैच हूं । मैं अपना सर्वश्रेष्ठ शॉट दूंगी इस फिल्म के लिए। इस तरह मैं नायिका देवी से जुड़ गई। खुशी के सह-अभिनेता चिराग जानी फिल्म में उनके पति की भूमिका निभाएंगे । फिल्म में राहुल देव, मनोज जोशी, बिंदा रावल, जयेश मोरे, चेतन दहिया, ममता सोनिया सहित अन्य कलाकारों की टुकड़ी है। फिल्म की शूटिंग अभी शुरू नहीं हुई है। हालांकि जुलाई में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। अभिनेत्री विभिन्न भारतीय ऐतिहासिक फिल्मों से संदर्भ लेकर अपनी भूमिका की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरे पास हॉलीवुड, मराठी और दक्षिण सिनेमा से भी मेरे संदर्भ हैं। मैंने कई बार मणिकर्णिका और बाहुबली देखी है। मैंने दक्षिण की सभी एक्शन से भरपूर फिल्में भी देखी हैं। 12 वर्षों के अनुभव के साथ, खुशी मुख्य रूप से गुजराती, भोजपुरी, राजस्थानी और दक्षिण सिनेमा में दिखाई दी हैं। उनके क्रेडिट की नवीनतम फिल्में अफरा तफरी और नेनापिडिया हैं। उनका अंतिम सपना बॉलीवुड में काम करना है और उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें नायिका देवी में मुख्य भूमिकाएं मिलेंगी।

# महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी28 का ऐलान, पूजा हेगड़े के साथ फिर करेंगे रोमांस

साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू अभिनीत फिल्म एसएसएमबी28 से यूं तो कई अभिनेत्रियों का नाम जुड़ा, लेकिन आखिरकार इसमें अभिनेत्री पूजा हेगड़े का नाम फाइनल कर दिया गया है। हाल ही में इस फिल्म का आधिकारिक रूप से ऐलान हुआ, जिसमें फिल्म की लीड हीरोइन का नाम भी सामने आ गया। महेश बाबू और पूजा हेगड़े की जोड़ी को एक बार फिर पर्दे पर देखना फैंस के लिए बेशक किसी ट्रीट से कम नहीं होगा।

महेश बाबू के जन्मदिन पर निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने अपनी फिल्म की घोषणा की। उन्होंने एक वीडियो के जरिए यह जानकारी दी और फिल्म में पूजा हेगड़े के नाम पर मुहर लगाई। त्रिविक्रम ने लिखा, अपने सुपरस्टार महेश बाबू के जन्मदिन पर मिलिए फिल्म एसएसएमबी28 की



स्टारकास्ट से। जल्द ही एक खूबसूरत कहानी आपके बीच होगी। निर्देशक के इस पोस्ट को देख प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। वे पर्दे पर दोबारा महेश-पूजा की जोड़ी देखने को बेताब हैं।


एसएसएमबी28 महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जो अगले साल गर्मियों में रिलीज होगी। महेश बाबू इस फिल्म में रॉ एजेंट की भूमिका निभा सकते हैं। वह इसमें एक अनदेखे अवतार में नजर आएंगे। त्रिविक्रम श्रीनिवास इससे पहले अथाडू और खलेजा जैसी फिल्मों में महेश बाबू के साथ काम कर चुके हैं। सुनने में तो यह भी आ रहा था कि इस फिल्म से 20 साल बाद शिल्पा शेट्टी की साउथ में वापसी हो सकती है। पूजा हेगड़े की निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ काफी अच्छी बातचीत है। पूजा निर्देशक के साथ अरविंद समीथा वीरा राघव और ब्लॉकबस्टर फिल्म अला वैकुंठपुरमलो में काम कर चुकी हैं। दूसरी तरफ महेश बाबू के साथ यह पूजा की दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों सुपरहिट फिल्म महर्षि में साथ काम कर चुके हैं, जिसमें उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद सराहा।

# पारिवारिक पृष्ठभूमि आपको सिनेमा में सफल होने में मदद नहीं करती : प्रियांक शर्मा



गुजरे जमाने की अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे के बेटे और बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के चचेरे भाई अभिनेता प्रियांक शर्मा का कहना है कि पारिवारिक पृष्ठभूमि किसी भी रचनात्मक व्यक्ति को सफलता हासिल करने में मदद नहीं करती है। हाल ही में प्रियांक ने अपना म्यूजिक लेबल धमाका रिकॉर्डस लॉन्च किया। उन्होंने 2020 में फिल्म सब कुशल मंगल से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की, जिसमें अक्षय खन्ना भी थे। अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं के परिवार से आने के बारे में पूछे जाने पर, क्या इसने उन्हें बॉलीवुड में अपना स्थान खोजने में मदद की है, प्रियांक ने कहा, मुझे लगता है कि एक ऐसे परिवार में बढ़ रहा है जहां हर कोई रचनात्मक पेशे का हिस्सा है, चाहे वह संगीत हो, सिनेमा, फिल्म निर्माण, मैंने देखा है कि यह कितना जोखिम भरा व्यवसाय है। उन्होंने कहा, मैंने देखा है कि शुक्रवार से शुक्रवार के बीच जीवन कैसे बदलता है। इसलिए शुरू से ही, मुझे पता था कि मेरी पारिवारिक पृष्ठभूमि मुझे मेरी सफलता का क्षण पाने में मदद नहीं करेगी और अगर मैं पेशेवर रूप से अभिनय करना चाहता हूं, तो अनिश्चितता की भावना होगी। इसलिए, जब लोग भाई-भतीजावाद के बारे में बात करते हैं, तो मुझे आश्चर्य होता है कि क्या वे समझते हैं कि एक कलाकार के रचनात्मक विकास का पारिवारिक पृष्ठभूमि से कोई लेना-देना नहीं है। बल्कि हम पर एक अलग दबाव है। प्रियांक ने कहा कि भले ही वह फिलहाल एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, लेकिन वह आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं और तब तक सब कुछ छुपा हुआ है।

# एड़ियों में बार-बार दर्द होता है? जानिए इसके कारण



एड़ियों में दर्द होना एक कष्टदायक समस्या है जिसे नजरअंदाज करना थोड़ा मुश्किल होता है। अगर आपको बार-बार एड़ियों में दर्द का सामना करना पड़ता है तो आपके लिए इसके पीछे का कारण जानना जरूरी है ताकि उसके मुताबिक समस्या का सही उपचार किया जा सके। आइए आज आपको ऐसे ही कुछ मुख्य कारणों के बारे में बताते हैं जो एड़ियों में दर्द उत्पन्न कर सकते हैं।


**गलत साइज के जूते और चप्पल पहनना:** यह एड़ियों में दर्द होने का मुख्य कारण हो सकता है। दरअसल, अगर आप गलत साइज के जूते या फिर खराब सोल वाली चप्पल पहनते हैं तो इसके कारण एड़ियों में दर्द होने लगता है। इसलिए जब भी आप अपने लिए जूते या फिर चप्पल खरीदें तो साइज और इनकी सोल पर विशेष ध्यान दें, ताकि इन्हें पहनकर चलने में न तो एड़ियों में दर्द हो और न ही किसी तरह की अन्य परेशानी हो।

**शारीरिक सक्रियता में कमी:** अगर आप घर में घंटों तक एक जगह बैठकर अपना पूरा दिन निकाल देते हैं यानि शारीरिक कामकाज कम करते हैं तो इस वजह से आपको एड़ियों में दर्द हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर आप वर्क फ्रॉम होम के दौरान एक जगह बैठकर काफी देर तक लैपटॉप पर ऑफिस का काम करते है और एक्सरसाइज या चलने-फिरने का काम नहीं करते हैं तो इसके कारण आपको एड़ियों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**हैग्लंड की विकृति बीमारी**- हैग्लंड की विकृति एड़ी की हड्डियों से जुड़ी एक बीमारी है जो एड़ियों में दर्द का कारण बन सकती है। ये बीमारी तब होती है जब आपकी एड़ी के पिछले हिस्से पर बार-बार दबाव पड़ता है। यह बहुत तंग फुटवियर्स पहनने के कारण हो सकती है। आजकल कई महिलाएं हिल्स पहनना काफी पसंद करती हैं, लेकिन इससे एड़ियों पर काफी दबाव पड़ता है जिसके कारण हैग्लंड की विकृति हो सकती है।

**फुट बर्साइटिस की समस्या:** फुट बर्साइटिस एड़ियों से जुड़ी एक समस्या है। यह समस्या तब होती है जब हमारी एड़ियों में मौजूद बर्सा चोटिल हो जाती है या इसमें सूजन आ जाती है। बर्सा एक छोटी द्रव से भरी थैली होती है जो एड़ियों के जोड़ और हड्डियों को चिकनाई देती है। इसके कारण आपको बार-बार एड़ियों में तेज दर्द, सूजन और लालिमा जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' नहीं किसी और फिल्म में लॉन्च होने वाले थे सिद्धार्थ मल्होत्रा



सिद्धार्थ मल्होत्रा ने करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' में वरुण धवन और आलिया भट्ट के साथ बॉलिवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि सिद्धार्थ मल्होत्रा को किसी दूसरे निर्देशक द्वारा एक दूसरी फिल्म में लॉन्च किया जाना था? सिद्धार्थ मल्होत्रा ने खुलासा किया कि उन्हें जिस फिल्म में कास्ट किया जा रहा था, उन्होंने उसके ऑडिशन को क्लियर कर लिया था। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि उन्होंने फिल्म के लिए तैयारी की और लगभग छह से आठ महीने तक इंतजार किया लेकिन यह प्रॉजेक्ट कभी पूरी नहीं हुआ। उन्हें बाद में पता चला कि डायरेक्टर ने किसी बड़े ऐक्टर के साथ फिल्म बनाई है। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात करते हुए कहा कि जब वह छोटे थे तो उनका मुंबई में कोई कॉन्टैक्ट नहीं था। उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर बनने और फिल्म के सेट पर रहकर सीखने के समय को याद किया। सिद्धार्थ मल्होत्रा के अनुसार, यह उनके लिए गेम-चेंजर था क्योंकि उनके लिए वह फिल्म स्कूल ट्रेनिंग थी जो उनके पास नहीं था। वर्क फ्रंट की बात करें तो सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म 'शेरशाह' में नजर आये। इस फिल्म में उनके साथ उनकी कथित गर्लफ्रेंड कियारा आडवाणी भी नजर आयी। फिल्म सिद्धार्थ मल्होत्रा शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा का रोल में थे और कियारा आडवाणी उनकी पत्नी की भूमिका में थी। फिल्म 'शेरशाह' 12 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई।




वन-टू-वन



## अपना अमूल्य मतों का सही प्रयोग करें: पटेल

नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे

पाली। राजस्थान पंचायत राज संस्थाओं की चुनावों में जोधपुर जिले में होने वाले जिला परिषद पंचायत समिति चुनाव के लिए पाली जिले से सांसद भाजपा पदाधिकारी ने जमकर किया प्रचार। गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल ने जोधपुर जिले के लूणी तहसील जिला परिषद सदस्य मदन भाई पंचायत समिति सदस्य रघुनाथ राम गोदारा के समर्थन में फीस गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपना अमूल्य मतों का सही प्रयोग करें। जिला परिषद एवं लूणी पंचायत समिति के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में पाली जिले के भाजपा पदाधिकारियों ने प्रचार के लिए मोर्चा संभाला। चुनावी प्रचार में पटेल ने कहा कि गांव के विकास में भाजपा का अहम रोल है भाजपा हमेशा विकास की राजनीति करती हैं जबकि विपक्षी दल फूट डालो राज करो की नीति से चलती है। ओबीसी भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल सीरवी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का डंका पूरे विश्व में बजाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं जिसमें आमजन को भारी राहत मिल रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों में जिले के भाजपा पदाधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर तूफानी चुनावी प्रचार करके भाजपा के पक्ष में मत देने की अपील की गई। इस मौके पर जोधपुर सांसद व केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पाली सांसद पीपी चौधरी लूणी के पूर्व विधायक जोगाराम पटेल ओबीसी प्रदेश मंत्री जगदीश देवासी खाराबेरा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जोगी देवी विश्नोई भाजपा नेता राजू भाई पटेल धवा चेनाराम देवासी सजन बंजारा सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी एटा कार्यालय पर लोहिया वाहिनी की हुई समीक्षा बैठक



प्रदेश सचिव श्री किशन सिंह जी का हुआ जोरदार स्वागत

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि के रूप में लोहिया वाहिनी के प्रभारी श्री किशन सिंह ने शिरकत करते हुए संगठन के सदस्यों को विधानसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया जिसमें समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव और महासचिव शादाब अब्बास के नेतृत्व में सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के महासचिव श्री भूपेंद्र प्रजापति और लोहिया वाहिनी एटा के जिला प्रभारी श्री जसवीर सिंह यादव लोहिया वाहिनी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण दिवाकर यूथ बिग्रेड के जिला अध्यक्ष नहेंद्र यादव मोनू उपस्थित रहे प्रदेश सचिव श्री किशन सिंह जी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में गांव गांव जाकर बूथ मजबूत करने का कार्य करें 2022 में अखिलेश यादव जी की सरकार बनने जा रही है आप सभी कार्यकर्ताओं को चारों विधानसभा में मेहनत करनी होगी वहीं भानु प्रताप यादव ने बताया प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार से तंग आ चुकी है प्रदेश की जनता अखिलेश यादव जी की तरफ आशा लगा कर देख रही है आने वाला समय 2022 में समाजवादी सरकार का होगा इस मौके पर निखिल धनगर मुनेश कुमार फहीम कुरेशी आरएन चौरसिया वरुण यादव अभय यादव दीपक राज संदीप यादव प्रवेश दिवाकर राहुल अनिल राजपूत रूपेंद्र विशाल निखिल पंडित चंदू यादव सचिन अशोक रवि ककहरा अभिषेक शर्मा अनूप दशरथ शाक्य विवेक यादव रवि राजपूत आदि मौजूद रहे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितंबर 2021 को

संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर

मेहगांव ़ मेहगांव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिंड के मार्गदर्शन में एवं श्री अशोक गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव जिला भिंड मध्य प्रदेश के द्वारा तहसील मेहगांव मैं भी 11 सितंबर 2021 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण पराकम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रकरण बैंक रिकवरी संबंधी मामले मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा संबंधी प्रकरण दीवानी मामले जलकर संपत्ति कर तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरण एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण एवं न्यायालय लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा श्री अशोक गुप्ता अध्यक्ष तहसील विदित समिति मेहगांव जिला भिंड मध्य प्रदेश द्वारा बताया गया 11 सितंबर 2021 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत चलकर संपत्ति कर 138 लिखित पराकम्य अधिनियम बैंक रिकवरी वैवाहिक अपराधिक सामान्य प्रकरण तथा मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति क्लेम से संबंधित प्रकरणों का अत्यधिक मात्रा में निराकरण की किये जाने की संभावना व्यक्त की गई नेशनल लोक अदालत में उभय पक्षों के मध्य राजीनामा होने पर सद्भावना का वातावरण निर्मित होकर कटुता समाप्त हो जाती है तथा समय श्रम धन की भी बचत होती है समाज में शांतिपूर्ण सद्भावना का वातावरण निर्मित होता है एवं भाईचारे की भावना का विकास होता है लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण निराकृत होने पर न्याय शुल्क वापसी का भी प्रावधान है ।

# 'कक्षा 6 से 12 के स्कूल 50% उपस्थिति के साथ खुलेंगे'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे

### (शिक्षकों के लिए होगा विशेष टीकाकरण-सत्र)

भोपाल । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर अच्छे नियंत्रण के बाद भी निरंतर सावधानी की आवश्यकता है। कोविड प्रोटोकाल के सख्त पालन पर सभी को ध्यान देते हुए सजग रहना है। राज्य में वैक्सीनेशन महाअभियान-2 के सफल संपादन के बाद नागरिकों को सुरक्षा मिली है, लेकिन भविष्य में संक्रमण की लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए सभी का जागरूक रहना आवश्यक है। कुछ जरूरी व्यवस्थाओं के साथ विद्यालय प्रारंभ हो रहे हैं। आवश्यक हुआ तो ऐसे शिक्षकों जिनके वैक्सीन के दोनों डोज पूरे नहीं हुए हैं, उनके लिए पृथक विशेष टीकाकरण-सत्र में वैक्सीन लगाने की व्यवस्था की जाएगी।




मुख्यमंत्री श्री चौहान आज शाम निवास पर प्रदेश में शालाओं के संचालन के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार उपस्थित थे। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार प्रदेश के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में आगामी 1 सितंबर से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएँ 50त्न विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रारंभ की जाएगी। इसमें अभिभावकों की सहमति और कोविड 19 की गाइडलाइन का सख्त पालन करना अनिवार्य किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समस्त विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि कोरोना अनुकूल व्यवहार सुनिश्चित करें और पूरी सावधानी के साथ शिक्षण कार्य की व्यवस्था में सहयोग करें।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 15 जून से अकादमिक सत्र 2021 प्रारंभ हो चुका है। नामांकन का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। गत वर्ष की तरह इस सत्र में भी ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन हुआ है। यही नहीं टेलीविजन, रेडियो और स्मार्ट फोन के माध्यम से शैक्षणिक सामग्री प्रसारित की गई है। शालाओं के संचालन के लिए जो अनिवार्य बिंदु निर्धारित किए गए हैं, उनमें शालाओं में कार्यरत समस्त स्टाफ को टीके का कम से कम एक डोज लगा हो, यह आवश्यक है। स्कूलों में राज्य स्तर से जारी कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाएगा। शालाओं में कक्षावार नियत दिवस के अलावा अन्य दिवसों में ऑनलाइन कक्षाएँ पूर्व के अनुसार संचालित करने की व्यवस्था भी रहेगी।

दीक्षांत समारोह

## डॉ. श्रीमती ललिता मुकेश शाक्य को महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई छगनभाई पटेल जी द्वारा Ph.d उपाधि से सम्मानित किया गया



ग्वालियर-

जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ. श्रीमती ललिता शाक्य पत्नी श्री मुकेश शाक्य को प्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्री मंगूभाई छगनभाई पटेल द्वारा क्द्ध.स्र की उपाधि से सम्मानित किया गया, उक्त कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी शामिल रहे, श्रीमती ललिता शाक्य के पति वर्तमान में जनपद पंचायत नरवर में विकासखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के पद पर कार्यरत हैं, उनको क्द्ध.स्र की उपाधि से सम्मानित किए जाने पर उनके इष्टजनों व जनपद पंचायत नरवर के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की है, प्रसन्नता व्यक्त करने वालो में श्रीमती सृष्टि भदौरिया सीईओ जनपद पंचायत नरवर, श्री डी आर काकोरिया राजस्व निरीक्षक, श्री राजेन्द्र सिंह रावत पूर्व जनपद अध्यक्ष, श्री एल एन वर्मा डुस्र्द्दश, श्री अजय यादव ड्ढ ह्यड्ढद्ध, श्री ब्रजमोहन कोली पंचायत इंस्पेक्टर, श्री रामबिहारी श्रीवास्तव लेखापाल, श्री गजेन्द्र सिंह चौहान सहायक वर्ग-3, श्री रवि दोहरे सहायक वर्ग-3, श्री पुरुषोत्तम सेन आदि शामिल है, उक्त सभी के द्वारा श्रीमती शाक्य के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री का भव्य स्वागत



नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे

पाली। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर। भजन लाल शर्मा का जिले के सर्किट हाउस स्थित पुष्प हार माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र सरकार की उपलब्धि को लेकर अवगत कराया गया। साथ हीआगामी चुनाव के संबंध में विचार विमर्श के साथ भाजपा की मजबूती के लिए मंथन किया गया ।

इस अवसर पर पाली विधायक ज्ञानचंद पारख पूर्व सभापति पाली महेंद्र बोहरा पूर्व प्रधान पंचायत समिति पाली श्रवण बंजारा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरी भाई पटेल रूपावास आदि सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रदीप प्रजापति पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के शहर महामंत्री मनोनीत

दैनिक पुष्पांजली टुडे, अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन

*भिंड*- राज टॉकीज के पास वार्ड नंबर 32 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा संगोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मान सिंह कुशवाह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इस मौके पर भाजपा की तानाशाह सरकार से लड़ने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को ऐसी नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर जल्दी बड़े आंदोलन की रणनीति व भूमिका बनाने की बात कही मौके पर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरविंद सोनी द्वारा अपनी कार्यकारिणी में शहर महामंत्री के रूप में प्रदीप प्रजापति को मनोनीत किया उनकी नियुक्ति पत्र जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने हाथों से सौंपा नव नियुक्त शहर महामंत्री प्रदीप प्रजापति जी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा का शॉल व श्रीफल देकर सम्मान किया इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सत्यपाल अगरेया वरिष्ठ नेता अशोक गुप्ता जी युवा नेता भाई रॉकी तोमर अमर सिंह शाक्य योगेश शाक्य आनंद शाक्य विनोद जाटव हिम्मत सिंह हरीशोध राजवीर खन्ना जी कमलेश जाटव नेत्रपाल वीर प्रकाश श्रीवास्तव जी पिंटू शर्मा जी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

दबोह थाना पुलिस को बड़ी सफलता

# स्कार्पियो में पकड़ी अग्रेंजी शराब

दबोह(अर्पित गुप्ता)

पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड मनोज सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे धरपकड अभियान के तहत दबोह पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है जो मुखिविर द्वारा सूचना दी कि एक स्कार्पियो सफेद कलर गाड़ी क्रमांक स्क04ष्य 2074 लहार तरफ से भाण्डेर तरफ शराब लेकर जा रही है जो मुखिविर के बताये अनुसार एक स्कार्पियो सफेद कलर की आती हुई दिखी जो फोर्स की मदत से रोककर स्कार्पियो का नम्बर चैक किया तो मुखिबिर के बताये अनुसार नम्बर पाया गया बाद खोलकर चैक किया गया तो मौके का फायदा उठाकर स्कार्पियो चालक अपनी गाडी छोड़कर भाग गया जब स्कार्पियो का गेट खोलकर देखा गया



तो उसमें कागज के कार्टन में 06 पेटी इंग्लिश शराब की पायी गई। साक्षी आर0 1097 नरेन्द्र व साक्षी प्र0आर0 349 नरेश सिंह के समक्ष एक पेटी को खोलकर चैक किया तो पहली पेटी के ऊपर आई बी 12 बोतल जिसमें 750 एमएल लिखा जो 09 लीटर पायी गयी। दूसरी कागज के कार्टन को खोलकर चैक किया तो आईबी के हाफ 24 नग जिसमें 375 एमएल लिखा जो 09 लीटर तीसरी पेटी को को खोलकर चैक किया तो एमडी की 12 बोतल 750 एमएल जो 09 लीटर, चौथी पेटी को खोलकर चैक किया तो रोयल स्टेज के आफ 24 नग जिसमें 375 एमएल लिखा जो 09 लीटर पांचवी पेटी को खोलकर देखा तो रोयल स्टेज की 12 बोतल 750 एमएल लिका जो 09 लीटर एंव छटवी पेटी को खोलकर देखा तो एमडी के आफ 24 नग 375 एमएल लिखा जो 09 लीटर कुल शराब 54 लीटर शराब जिसकी कीमत 61320 रूपये की है एवं जप्त सुदा स्कार्पियो गाडी कीमती 10 लाख रूपये जो मौके पर साक्षी आर0 1097 नरेन्द्र व साक्षी प्र0आर0 349 नरेश सिंह के समक्ष विधिवत जप्त कर जप्ती पंचनाम तैयार किया। अपराध क्रा) 155/21 धारा 34(2) आवकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

निरीक्षक प्रमोद साहू, प्रआर 917 श्रीकृष्ण गोयल, प्रआर 349 नरेश सिहं, आर0 865 आशीष शर्मा आर0 1097 नरेन्द्र शाक्य,सैनिक अशोक सिंह की अहम भूमिका रही।

2 साल से नहीं भर पाया बच्चों की फीस

# बेरोजगारी-तंगहाली ने कैसे पहुंचाया परिवार को मौत के मुंह में

भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में परिवार में आर्थिक तंगी से आत्महत्या करने के सनसनीखेज मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है. यह सुसाइड नोट परिवार ने खुदकुशी से पहले लिखा था. जिसमें आर्थिक तंगी का हवाला दिया गया है।

बरामद सुसाइड नोट के मुताबिक जून महीने में मृतक की नौकरी चली गई थी. जिसके चलते 2 सालों से परिवार बच्चों की फीस नहीं पा रहा था. बच्चे अच्छे नंबर लाते थे, लेकिन अच्छे नंबर से पेट नहीं भरने की बात लिखी गई है. सुसाइड नोट में लिखा गया कि आर्थिक तंगी से परेशान होकर सुसाइड कर रहे हैं, जीवन यापन करना पाना मुश्किल हो गया है. हमारी मौत का जिम्मेदार कोई और नहीं है।

बता दें कि आर्थिक तंगी के चलते परिवार ने आत्मघाती कदम उठाया. जिसमें पिता और बेटे की मौत हो गई है. बेटा चिराग की उम्र 16 साल थी, जो कक्षा 11वीं का छात्र था. साथ ही घटना में मां बेटी का हमीदिया अस्पताल में इजाल जारी है. बेटी की हालत नाजुक बताई जा रही है. बेटी गुंजन 14 साल की थी, जो कक्षा 8वीं में पढ़ रही है।



मामला मिसरोद थाना क्षेत्र के सहारा स्टेट का है. यहां एक ही परिवार के 4 लोगों ने आत्मघाती कदम उठा लिया. मृतक रवि ठाकर पेशे से सिविल इंजीनियर था. जो पिछले 20 सालों से सिविल इंजीनियरिंग की लाइन में काम कर रहा था. जिनकी लॉकडाउन में नौकरी चली गई थी. पिछले पांच से छह महीनों से परिवार डिप्रेशन से जूझ रहा था. जिसके चलते सपरिवार ऐसा आत्मघाती कदम उठाया।

जानकारी के मुताबिक मृतक रवि ने पहले अपने बेटे और बेटी के गले को ब्लेड से काट दिया और फिर उसके बाद पति-पत्नी ने जहर पी लिया. घटना में बेटे और पति की मौत हो गई है. वहीं पत्नी और बेटी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मामले में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का बयान भी सामने आया है. वीडी शर्मा ने कहा कि इस तरह का जो भी मामला सामने आया है, उसकी शासन-प्रशासन पूरी जांच कर रहा होगा. उन्होंने कहा कि गंभीरता से जांच की जा रही है. क्या हुआ है जानकारी नहीं है।



## प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे

गोहद -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गोहद में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव नगर पालिका प्रशासन के प्रशासक एवं एसडीएम शुभम शर्मा नगर पालिका सीएमओ सतीश दुबे सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा 5 हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश कराया जिनमें कन्हई पुत्र रामप्रसाद बाथम वार्ड नंबर 1 अंगूरी बाई वार्ड नंबर 1 जगमोहन पुत्र गुमान सिंह वार्ड नंबर 1 सुभाष पुत्र बुद्धेराम वार्ड क्रमांक 13 पप्पू बाथम वार्ड क्रमांक 13 को नवीन गृह प्रवेश होने। में शामिल हैं तत्पश्चात नगर पालिका सभागार में 1,29,292 हितग्राहियों को लाभान्वित करने वाले 50,000 नवीन आवास के भूमि पूजन का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें एसडीएम शुभम शर्मा सीएमओ सतीश दुबे विधायक मेवाराम जाटव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भीकम कौशल भाजपा महामंत्री आशीष शर्मा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष पति प्रकाश कुशवाह आशीष गुर्जर साबू खान , रामहेत जाटव,शेलेन्द्र गुर्जर, सहित कॉन्ग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ हितग्राही भी शामिल रहे।

वन-टू-वन




## 'प्रतिभावान खिलाड़ियों को खोजने का काम हुआ शुरू'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

(फिजिकल टेस्ट में पहले दिन 200 खिलाड़ियों ने लिया भाग)

इंदौर । जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार खेल प्रतिभाओं को खोजने का कार्य आज से प्रारंभ हो गया। खिलाड़ियों के चयन के लिये वर्तमान में उनका फिजिकल टेस्ट लिया जा रहा है। पहले दिन आज लगभग 200 खिलाड़ियों ने अपना फिजिकल टेस्ट दिया। खिलाड़ियों के फिजिकल टेस्ट के लिये व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। फिजिकल टेस्ट में खिलाड़ियों की ऊंचाई नापने और वजन लेने सहित 6 प्रकार के टेस्ट जिनमें 50 मीटर तथा 500 मीटर की दौड़, सिटअप, पुशअप, सिट एण्ड रिच एवं फ्लेमिंगों तथा बेलेंसिंग लिया जा रहा है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जोसेफ बक्सला ने बताया कि उपरोक्त प्रतिभा चयन कार्यक्रम के माध्यम से चयनित युवा खिलाड़ियों को प्रदेश के विभिन्न खेल अकादमियों में पात्रता के अनुसार प्रवेश मिलेगा। इन्हें इन खेल अकादमियों में शिक्षण और खेल प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया कराई जायेगी। खिलाड़ियों को खोजने और तराशने के लिये प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टेलेंट सर्च) का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में इच्छुक प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये थे। इसके लिये इंदौर जिले से 2 हजार 285 खिलाड़ियों ने ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुये हैं। इन आवेदकों का फिजिकल टेस्ट हो रहा है। यह फिजिकल टेस्ट 5 सितम्बर तक चलेगा। यह फिजिकल टेस्ट देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खेल परिसर खंडवा रोड़ में आयोजित हो रहा है। यह टेस्ट प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे निर्धारित दिनांक और समय पर उपस्थित होकर फिजिकल टेस्ट में शामिल होवे। उक्त गतिविधियों के लिये खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जोसेफ बक्सला मोबाइल नम्बर 70490-10656 को नोडल अधिकारी, शिक्षा विभाग के जिला क्रिडा अधिकारी घनश्याम करोले मोबाइल नम्बर 98263-93171 तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रशिक्षक श्री महेश केथवास मोबाइल नम्बर 88396-53440 को समन्वय अधिकारी बनाया गया है।



## दबोह नगर परिषद में हितग्राही संवाद कार्यक्रम का हुआ लाईव प्रसारण

**पुष्पांजली , दबोह(अर्पित गुप्ता)**

मुख्यमंत्री आबास योजना तथा प्रधानमंत्री आबास योजना के तहत बन रहे आबास के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हितग्राहियों को पहली, दूसरी, व तीसरी क़िस्त जारी की गई।जिसका सीधा प्रसारण तथा सवांद दबोह नगर परिषद में दिखाया गया।इसमें नगर के कुछ हितग्राहियों के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के नेताओ को भी इस संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिनांक 28 अगस्त को दोपहर एक बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लगभग 79 हजार 39 हितग्राहियों को 627 करोड़ रूपये की सहायता राशि का वितरण कर,हितग्राहियों से संवाद भी किया मुख्यमंत्री चौहान द्वारा 50 हजार 253 हितग्राहियों के आवास निर्माण के लिये भूमि-पूजन किया गया।इस कार्यक्रम के माध्यम से 363 निकायों के एक लाख 29 हजार 292 हितग्राहीयो लाभ ले चुके है इस दौरान मुख्यमंत्री ने पाँच हितग्राहियों से भी सबाद कर उनसे सरकारी योजनाओं के साथ उनका हालचाल भी पूछा इस लाइव संवाद को नगर परिषद कार्यालय में हितग्राहीयो एवं भाजपा नेता भी उपस्थित रहे यहां बता दे कि नगर परिषद की मीटिंग में आज पहली बार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के पास एजेंडा पहुचा ओर उन्हें बुलाया गया था।इस अवसर पर मुख्य नगर परिषद अधिकारी बाबू लाल कुशबाह, अरुण तिबारी,राम कुमार शर्मा, रिजवान खान आदि नप स्टाफ उपस्थित रहा।

### यह भाजपा नेता रहे मौजूद

भाजपा नेताओ में भगवान नायक,कैलाश मड़या,केशब गुप्ता,रावसहाब गुर्जर महामन्त्री, रविन्द्र चिकवा महामन्त्री,जितेंद्र भास्कर,हिर्देश नायक आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# मप्र सरकार के मंत्री ने बढ़ाया पांच मासूमो की मदद के लिए बढ़ाये हाथ,करदी निजी खर्चे पर बड़ी घोषणा








**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले की लहार तहसील के दबोह थानांतर्गत ग्राम अमाहा गांव के अनाथ बच्चों का मामले में एक नया मोड़ आया है जिसमे मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया मासूमो की मदद के लिए आगे होकर कदम बढ़ाया और बड़ी घोषणा भी करदी।शिवराज सरकार के मंत्री अरविंद भदौरिया अब स्वयं के खर्च पर बच्चों के लिए आशियाना अमाहा गांव में ही बनवाएंगे ऐसी घोषणा मंत्री जी ने की है।बीते रोज पूर्व गृहमंत्री व लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह के विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के बाद मीडिया के संज्ञान में यह मामला आया था।पिछले दिनों में मीडिया ने जब यह खबर दिखाई तब जाकर कहीं प्रशासन की कुम्भकर्णीय नींद खुली जिसके बाद प्रदेश सरकार के मंत्री अरविंद भदौरिया ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बात की जानकारी वर्चुअल प्रेस वार्ता के माध्यम से सहकारिता मंत्री अरविन्द सिंह भदौरिया ने प्रेस को दी।ज्ञात हो कि गत 20 अगस्त को जब पूर्व गृहमंत्री,लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह दबोह के अमाहा गांव में अपने कार्यकर्ताओं से मिलने व एक परिवार में शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए गए थे तो उन्हें यह बच्चे गांव में भीख मांगते हुए दिखाई दिए।जिस पर डॉ.सिंह ने इनके बारे जानकारी ली तो उनका दिल दहल गया और उन्होंने तत्काल दो हजार रुपये देकर प्रथम दृष्ट्या सहायता की।इसके अलावा अपनी विधायक निधि से 20 हजार और कुछ गांव के धनाढ्य लोगों से 20 हजार की मदद के अलावा कुछ ठेकेदारों से भी मदद करवाई।साथ ही डॉ.सिंह ने गांव के सरपंच को निर्देश दिया की इन बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था भी वह करवाएं।जिसका जो भी खर्चा होगा वह स्वयं उठाएंगे।इसके बाद यह मामला मीडिया के प्रकाश में आया और मीडिया ने कोरोना काल में इन बच्चों के माता-पिता की मौत होने का मामला देशभर में दिखाया तो शासन प्रशासन भी सक्रिय हुआ और इन बच्चों को सहायता पहुंचाई।इसके साथ ही में जब टेलीविजन पर यह खबर प्रदेश के सहकारिता मंत्री और स्थानीय अटेर विधानसभा से विधायक अरविंद सिंह भदौरिया ने देखी तो उनका मन भी पिघल गया और उन्होंने बच्चों के आशियाने के लिए स्वयं के खर्च पर मकान बनाने की बात शनिवार को मीडिया के सामने कही। श्री भदौरिया के इस संवेदनशीलता के लिए मीडिया के मित्रों ने भी उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

### यह था पूरा मामला

कोरोना से लगभग दस माह पहले 5 बच्चों के सिर से पिता का साया उठा,फिर 3 माह पहले मां भी कोरोना की चपेट में आकर चल बसी,और अब इस परिवार में 3 बच्ची और 2 बच्चे हैं।ये 5 बच्चे अब भीख मांगने को मजबूर थे। शुक्रवार की शाम को भिण्ड कलेक्टर व एसपी दबोह क्षेत्र के ग्राम अमाहा पहुंचे।जहां पर वह शमशान घाट पहुंचे और मासूम बच्चो के रहने वाली जगह का निरीक्षण किया।तो प्रशासन ने पांचों मासूमो को अनाथ बच्चों को शिशु ग्रह में प्रवेश कराया।उसके बाद व्यवस्थाएं देखने के बाद कलेक्टर ने पूरे मामले में लापरवाही बरतने के चलते ग्राम पँचायत सचिव पर कार्यवाही करने की बात भी कही थी।इस दौरान भिण्ड कलेक्टर सतीश कुमार एस, भिण्ड एसपी मनोज सिंह,जनपद सीईओ,तहसीलदार नवीन भारद्वाज,थाना प्रभारी दबोह प्रमोद साहू समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### 7 साल की बच्ची भीख मांगकर भरती परिवार का पेट

दरअसल,पूरा मामला जिले के दबोह थाना क्षेत्र के अमाहा गांव का है।जहां कोरोना में एक परिवार का घर उजड़ गया।मां-बाप के निधन के बाद 5 बच्चे अनाथ हो गए।जिसमें से एक बच्चे की उम्र 7 साल,सबसे छोटा बच्चा 7 महीने का है.एक 7 साल की बच्ची अपने 4 भाई-बहनों की गांव वालों की मदद से देखभाल कर भरण पोषण कर रही थी।गांव में घर-घर जाकर खाना मांगती थी तब जाकर मासूम नौनिहालों के पेट की आग शांत करा पाती थी।

### श्मशान में रहने को मजबूर थे मासूम

इन मासूमों पर मां-बाप का साया तो पहले ही भगवान ने छीन लिया है,लेकिन इनके पास रहने के लिए ठीक-ठाक घर भी नहीं है।जिसमें ये मासूम बच्चे रह सके।आलम ये है कि छोटे-छोटे मासूम बच्चे माता-पिता द्वारा छोड़ी गई श्मशान के बगल में टूटी-फूटी झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर थे।जब बरसात में पानी गिरता है तो बगल में स्थित श्मशान घाट की टीन शेड के नीचे रात बिताना सबसे बड़ी मजबूरी होती है।

### बीते माह मां-बाप की कोरोना से हुई मौत

आपको बता दें कि अमाहा गांव के राघवेंद्र वाल्मिकी ने लगभग दस माह पहले और उनकी पत्नी गिरजा ने 3 महीने पहले कोरोना के चलते अपनी जान गवां दी, और पीछे छोड़ अपने 5 मासूम और छोटे छोटे बच्चे गए।आज ये बच्चे अपने माता-पिता की मौत के बाद से ही भूख मिटाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर थे।5 बच्चों में सबसे बड़ी बेटी की उमर महज़ 7 साल है।जबकि सबसे छोटा बच्चा 7 महीने का है।ये भाई बहन पेट पालने के लिए हर रोज़ गांव से मिलने वाली भीख के मोहताज थे।बड़ी बेटी घर-घर जाकर खाना मांगती थी और जो मिलता है उसी से भाइयों और बहनों का पेट भरती थी।

## स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया लेकिन असवार के लोग बहुत याद आएंगे: पंकज मुद्गल

**लहार(अर्पित गुप्ता)**

पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है लेकिन असवार क्षेत्र के लोगों ने जो सहयोग मुझे दिया है वह मुझे हमेशा याद रहेगा।उक्त उदगार आज अपने विदाई समारोह के आयोजन के मौके पर थाना प्रभारी असवार पंकज मुद्गल द्वारा कहे गए।इस मौके पर व्यापार संघ असवार एवं आसपास के गांव के सरपंच भी विदाई समारोह में मौजूद रहे।इस मौके पर असवार निवासी अनिल गुप्ता ने कहा कि असवार थाना प्रभारी द्वारा कोरोना काल हो या हाल ही में बाढ़ का कहर हमेशा मानवता का फर्ज अदा करते हुए लोगों की सहायता की है।जिसको हम लोग जीवन भर याद रखेंगे।वहीं कार्यक्रम में बोलते हुए सिया शरण रावत जी ने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि दोबारा से असवार को अगर थाना प्रभारी के रूप में आपके दर्शन हो तो हम लोग अपने आपको धन्य समझेंगे क्योंकि थाना प्रभारी पंकज मुद्गल के रहते हुए असवार क्षेत्र में क्राइम पर पूरी तरह कंट्रोल हुआ था। विदाई समारोह आयोजन के बाद सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने भोजन ग्रहण किया।

## फिट इंडिया मूवमेंट' कार्यक्रम में अम्बाह कॉलेज के कैडेटों ने दौड़ लगाई

**केशब पंडित जी अम्बाह, पुष्पांजली टुडे**




अम्बाह । स्वतंत्रता के पावन 75 वर्ष पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ÷फिट इंडिया फ्रीडम रन ÷में अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने दौड़ते हुए नगर में रैली निकाली। इस रनिंग रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिवराज सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा निर्देशन मेजर वी.के. जैन एवं कैप्टन मनोज शर्मा द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह, मेजर जैन ,कैप्टन मनोज शर्मा के साथ-साथ महाविद्यालय की रेड क्रॉस प्रभारी श्री मुकेश श्रीवास एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने भी कैडेटों के उत्साहवर्धन हेतु दौड़ते हुए रनिंग रैली में भाग लिया ।इस रनिंग रैली का आयोजन 30 म.प्र.बटालियन एनसीसी-भिण्ड के कमान अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा के निर्देशानुसार महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट और आइक्यूएसी के तत्वाधान में किया गया जिसका उद्देश्य नगर वासियों को स्वयं को फिट रखने का संदेश देना था। यह रनिंग रैली पोरसा चौराहे से अम्बाह महाविद्यालय तक लगभग 1 किलोमीटर तक रही।रनिंग रैली में सबसे आगे एनसीसी के पायलट अंडर ऑफिसर अरुण तोमर तथा नितिन तोमर और रनिंग रैली के पीछे श्याम सुंदर और महेंद्र प्रताप थे ।रैली के महाविद्यालय में समापन पर प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने समस्त कैडेटों को संबोधित करते हुए स्वयं को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए रनिंग तथा व्यायाम को रोज की दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता को बताया। मेजर वीके जैन ने फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2021 तक होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी कैडेटों को दी तथा आभार प्रदर्शन कैप्टन मनोज शर्मा द्वारा किया गया। रनिंग रैली के पश्चात प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने कैडेटों के साथ महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ दिनेश रावत, डॉ बी.एम. बंसल तथा अन्य महाविद्यालय कर्मचारी भी शामिल रहे।

## आवास के हितग्राहियों को माला पहनाकर आवास की क़िस्त दी गई

**संतोष सिंह भदौरिया, 9179661562**



गोरमी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवास के हितग्राहियों को आज नगर पंचायत गोरमी द्वारा आज आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा माला पहनाकर आवास की प्रथम द्वितीय एवं तृतीय किस्त जारी की गई आज पूरे प्रदेश में जहां एक लाख 29 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को 6 करोड़ की राशि उनके खातों में डाली गई गोरमी नगर के 18 हितग्राहियों को यह राशि आज दी गई नगर पंचायत भवन में द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत गोरमी के प्रशासक एवं नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे युवा नेता डॉ भरत प्रताप सिंह भदोरिया पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता निर्मल आर्य दलबीर सिंह तोमर नगर पंचायत उपाध्यक्ष राम दत्त तिवारी भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन सिंह भदौरिया आदि उपस्थित थे इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने केंद्र की नरेंद मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि उन्होंने गरीबों के आवास के लिए इतनी महत्वाकांक्षी योजना चालू की जिससे हर गरीब का अपना घर होगा कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अशोक कुमार ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया अंत में आभार प्रकट सब इंजीनियर सुरेंद्र श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमार जैन निर्मल आर्य सुमेर यादव मनीष अग्रवाल सोनू भदोरिया रज्जन भदोरिया राजू भदोरिया बसंत राजावत अरविंद जैन एवं स्थानीय पत्रकार मौजूद थे।

# 'राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने 16 हितग्राहियों को पी एम आवास योजना के तहत वितरित किए प्रमाण-पत्र'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खंडवा जिले से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही संभाग का सुभारंभ कर पात्र हितग्राहियों को 1 लाख 29 हजार 252 के बैंक खातों में 627 करोड़ की आर्थिक राशि में पहुंचाई जिसमे 50 हजार नए आवास का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया 7 इसी कार्यक्रम के तहत नगरिया प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने नगर पालिका परिषद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 16 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरित किए।

नगरिया प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सीएम कमलनाथ के नेतृत्व वाली 15 माह की कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार की विकास जनकल्याणी योजनाओं को बंद कर 3 लाख लोगों को वंचित रखा, जैसे ही शिवराज जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी उन योजनाओं को पुनः चालू कर उनके चेहरों पर रौनक लौटाने का काम किया 7 एक तरफ कमलनाथ की व्यवसाई सरकार बन चुकी थी, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में विकासशील सरकार खड़ी है ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों को आवास योजना के तहत 2.5 लाख रुपए और प्लॉट देकर पक्के मकान बनाकर उनको विकास की दिशा में आगे बढ़ाया 7 कमलनाथ की पूर्व सरकार की लापरवाही के कारण मध्य प्रदेश को विकास के रास्ते पर नही पहुंचाया जा सका, प्रदेश की भाजपा सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाकर उनको विकास की पत्ती पर पहुंचाने का कार्य कर रही है 7

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक कर कोरोना की लड़ाई में जनमानस के साथ अपनी अहम भूमिका निभा रही है 7 उन्होंने आवाह्न किया की हम सब संगठित होकर वैक्सीनेशन के लिए जागरूक होकर आगे बढ़ें 7

इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामनरेश शर्मा, महाराणा प्रताप मंडल के अध्यक्ष शेरू पचौरी, वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, पूर्व पार्षद वीरेंद्र शिवहरे, रवि बाजपाई, राजीव उपाध्याय, दीपक शर्मा, जिला कलेक्टर सतीश कुमार, एसडीएम उदय सिंह शिकरवार,नगर पालिका सीएमओ सुरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सोनी, सुनील कौशल मंचासीन थे ।

(मुख्यमंत्री चौहान ने 5 जिलों के हितग्राहियों से किया संवाद)

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के शुभारंभ अवसर पर खंडवा जिले से साधन की योजनाओं से लाभान्वित 5 जिलों के हितग्राहियों से संवाद किया जिसमे अलीराजपुर के कैलाश प्रजापति, निवाड़ी के सरस्वती विश्वकर्मा, मनीषा रजत, बैरसिया भोपाल से राजेश यादव से साधन की योजनाओं के बारे में जानकारी ली जिसमे बहुत उत्साह दिखाई दिया 7 संवाद हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री को अपने निवास पर आमंत्रित किया ।

वन-टू-वन



## डीएम, एसएसपी ने थाना निधौलीकलां में आयोजित थाना दिवस में सुनी जनसमस्याएं

ब्यरो सोनू कुमार माथुर

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से थाना निधौलीकलां में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस का जायजा लिया। उन्हांने निर्देश दिए कि जनता दर्शन के दौरान भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है, इसका आशय यह है कि लेखपाल, बीटी सिपाही भूमि विवाद प्रकरणों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सभी लेखपाल, बीटी सिपाही अपने क्षेत्र में आवंटित रोस्टर के अनुसार भ्रमण कर भूमि विवादों का अंकन रजिस्टर में करके उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। निस्तारण के दौरान दोनों पक्षों से हस्ताक्षर भी करा लें। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका प्रभावी निस्तारण करने हेतु पुलिस, राजस्व टीम को हिदायत दी गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए थाना दिवस के आयोजन का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें। दो मौजाओं की सरहद संबंधी नगला सीताराम के प्रकरण में पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाए, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। रोस्टर के अनुसार लेखपाल थाना दिवस में उपस्थित रहें, साथ ही नगर पालिका, ब्लाक, विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भी थाना समाधान दिवस के दौरान उपस्थित रहकर जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान, क्षेत्रीय लेखपाल, समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## साली ने जीजा पर किया हमला

ग्वालियर। कलेक्ट्रेट स्थित एसडीएम कोर्ट में आए जीजा के साथ उसकी साली ने मारपीट कर नुकीली चीज से हमला कर दिया ।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है जानकारी के अनुसार पवनसुत कॉलोनी निवासी अनिल दौहरे का उनकी पत्नी प्रीति के साथ एसडीएम कोर्ट में मामला चल रहा है ।बीते रोहित भाई एसडीएम कोर्ट में आए थे उनकी पत्नी के साथ साली बबली भी आई थी। जीजा को सामने देख बबली दौहरे ने उसकी मारपीट कर उसे नुकीली चीज मारकर घायल कर दिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

ग्वालियर। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 के पास आगरा एंड के नजदीक एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई ।मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार जीआरपी शनिवार की सुबह सूचना मिली की प्लेटफार्म क्रमांक 2 के आगे आगरा एंड के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर आ गई और रेल की पटरी पर पड़ी एक युवक की लाश को कब्जे में लिया ।मृतक का शव ट्रेन से कटकर दो हिस्सों में बट गया था मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## सुने घर के ताले चटके ,हजारों का माल चोरी

ग्वालियर। शहर थाटीपुर थाना क्षेत्र में स्थित गायत्री विहार में एक सूने मकान के ताले चटका कर चोर नगदी गहने से हजारों का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के गायत्री विहार निवासी डॉ मनीष सक्सेना बीते रोज अपने परिवार के साथ ससुराल रीवा गए थे । तभी चोरों ने उनके मकान के ताले चटका दिया और घर से 30000 की नगदी तथा सोने चांदी के गहने चोरी कर ले गए ।पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस ने दबोचा बाइक चोर

ग्वालियर। उपनगर मुरार थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की दो भाई के बरामद की है ।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीती रात मुरार थाना की पुलिस बारादरी चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक युवक बाइक पर स्टंट करते हुए आया और चलकर गिर गया। पुलिस के जवान जब उसे उठाने के लिए गए तो युवक भागने लगा। उसी समय पुलिस ने उसे दबोच लिया और पूछताछ करने पर पता चला कि वह बाइक चोर है।

# सरकार की जनहितेशी योजनाओं का लाभ आमजन को एक ही छत के नीचे मिले : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### जन समस्याओं के निराकरण और योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु शिविर आयोजित

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आमजन को सरकार की जनहितेशी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग ऑफिसों के चक्कर न लगाने पडे, इसलिए इस प्रकार के शिविर आयोजित कर संबंधित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को एक ही छत के नीचे बैठाकर आमजन की समस्यायें सुनी जा रहीं हैं एवं उन समस्याओं का निराकण भी तुरंत किया जा रहा है। वार्ड 36 के जीवाजी गंज स्थित जनकपुरी पैलेस में लगाये गए जनसमस्या निवारण शिविर में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि गरीबों एवं असहाय लोगों के लिए काम करना सबसे बडा पुण्य का काम है, उन्होने कहा कि आपका सेवक आपकी सेवा हमेशा करता रहेगा। आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर आपके क्षेत्र में लगाया गया है। इसी प्रकार के शिविर अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर लगाये जायेगें। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री अशोक शर्मा, एसडीएम श्री प्रदीप तोमर, मुख्य महाप्रबंधक श्री गुप्ता, महाप्रबंधक श्री विनोद कटारे, जनकल्याण अधिकारी श्री अतिबल सिंह यादव व सभी विभागों के विभागीय अधिकारी, क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा आम जनों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनकपुरी पैलेस में लगाये शिविर में बडी संख्या में आवेदन आये। इन समस्याओं को मंत्री श्री तोमर ने गंभीरता से सुना और उनमें से कुछ समस्याओं का निदान तुरंत किया तथा कुछ सबंधित विभाग के अधिकारी को भेज कर जल्द ही आम जनों को लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि गरीब खुशहाल होगा तो सभी खुशहाल होगें।



ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा की आम जन की समस्याओं को देखते हुए एक ही छत के नीचे जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। फिर भी कोई गरीब सरकार की योजनाओं से वंचित रह जाता है तो इस प्रकार के शिविर दोबारा भी लगाये जायेगें। शिविर में बिजली बिल से संबंधित सबसे ज्यादा समस्या आई, उन समस्याओं के निराकरण के लिए ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों को बुलाकर मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करवाकर हितग्राही को संतुष्ट कर घर भेजा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शिविर में आने वाले नागरिकों के लिए कुर्सियों पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की। सभी हितग्राहियों को कुर्सी पर बैठाकर बारी बारी से उनके पास जाकर उनकी समस्या सुनकर वहीं निराकरण किया तथा कुछ समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी समस्या शिविर के माध्यम से आ रही है उनका निराकरण शीघ्र कर मुझे अवगत करायें।

**लगभग 1300 हितग्राहियो को मिला जनसमस्या निवारण शिवर का लाभ:** जीवाजी गंज स्थित जनकपुरी पैलेस में आम जनता की सुविधा के लिए लगाये गये जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों के वृद्ध व विधवा पेंशन, कामकाजी महिला, हाथठेला, केशशिल्पी, राशन चालू करने के लिए, मजदूरी कार्ड, समग्र आई डी बनने के लिए, विद्युत, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग के लगभग 1300 आवेदन आये। अधिकारियों द्वारा शिविर में आये आवेदनों का मौके पर ही सत्यापन कर, पात्र हितग्राहियों को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा प्रमाण पत्र दिये गए तथा अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## पुलिस के जवानों पर ग्रामीणों से मारपीट का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** जिले के भितरवार में डीजे बंद कराने पहुंचे पुलिस के 4 जवानों पर ग्रामीणों से मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के जवान भितरवार के वार्ड नंबर-3 में शुक्रवार रात 10 बजे डीजे बंद कराने पहुंचे थे। यहां सिविल ड्रेस में पहुंचे जवानों और ग्रामीणों में विवाद हो गया। इसके बाद जवानों ने लोगों को पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं सड़क पर दौड़ा-दौड़ा को लोगों को पीटा। इसमें दो महिलाएं घायल हो गई। कई लोगों को मामूली चोट आई है। पुलिसकर्मियों की गुंडागर्दी से परेशान लोगों ने शनिवार दोपहर भितरवार थाने के सामने बैठकर रोड पर जाम लगा दिया। हंगामा बढ़ने पर पुलिस अफसर और जिला प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए। मारपीट करने वाले 4 पुलिस जवानों पर मामला दर्ज किया गया है।

# सबका हो घर अपना, पूरा हो पक्के घर का सपना : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर



**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार द्वारा आज प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रथम एवं तीसरी किस्त का आवंटन सिंगल क्लिक द्वारा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खंडवा से किया तथा प्रदेश के सभी हितग्राहियों को संबोधित कर विभिन्न स्थानों के कुछ हितग्राहियों से संवाद भी किया।

ग्वालियर में सिटी सेंटर स्थित बाल भवन में आयोजित मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के लाइव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाहा एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी व श्री अशोक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। ग्वालियर नगर निगम द्वारा 295 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के वीएलसी घटक योजना अंतर्गत तीसरी किस्त 50 हजार हितग्राहियों के खातों में डाली गई। जिसमें कुल 1 करोड 47 लाख 50 हजार रुपए हितग्राहियों के खातों में डाली गई। इसके साथ ही 111 हितग्राहियों को प्रथम किस्त 1 लाख रुपए की डाली गई। जिसमें 1 करोड़ 11 लाख रुपए हितग्राहियों के खातों में डाले गए। कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए एवं 20 हितग्राहियों के भूमि पूजन कराए गए।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा सभी का अपना पक्का घर हो, इसी को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा इसी क्रम में आज यह कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर आयोजित किया गया है। सभी हितग्राहियों को बहुत-बहुत बधाई जिन्हें तीसरी किस्त मिली है उन्हें गृह प्रवेश की एवं जिन्हें प्रथम किस्त मिली है उन्हें भूमि पूजन की बधाई।

इस अवसर पर प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश के सभी आवास हीन हितग्राहियों को अपना मकान मिले इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा कोविड-19 के संकट के दौरान भी प्रदेश सरकार ने इस कार्य को नहीं रोका है सरकार का उद्देश्य है कि जल्दी से जल्दी हितग्राहियों को अपना मकान मिले।

# बर्थडे पार्टी में बज रहा था डीजे, सिविल ड्रेस में पहुंचे जवानों ने लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**ग्वालियर।** ग्वालियर के भितरवार में DJ बंद कराने पहुंचे पुलिस के 4 जवानों पर ग्रामीणों से मारपीट का केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि जवान भितरवार के वार्ड नंबर-3 में शुक्रवार रात 10 बजे DJ बंद कराने पहुंचे थे। यहां सिविल ड्रेस में पहुंचे जवानों और ग्रामीणों में विवाद हो गया। इसके बाद जवानों ने लोगों को पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं सड़क पर दौड़ा-दौड़ा को लोगों को पीटा। इसमें दो महिलाएं घायल हो गई। कई लोगों को मामूली चोट आई है। पुलिसकर्मियों की गुंडागर्दी से परेशान लोगों ने शनिवार दोपहर भितरवार थाने के सामने बैठकर रोड पर जाम लगा दिया। हंगामा बढ़ने पर पुलिस अफसर और जिला प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए। मारपीट करने वाले 4 पुलिस जवानों पर FIR दर्ज की गई है। बैजन्ती बाई जाटव ने बताया है कि शुक्रवार को उनके एक रिश्तेदार के बेटे का बर्थ डे था। मोहल्ले में छ्छ लगवाया गया था। रात करीब 10 बजे जब छ्छ पर डांस, मस्ती चल रही थी, तभी आरक्षक भदौरिया, अजय यादव, रामदेव शर्मा, कुलदीप गुर्जर व एक अन्य सादा कपड़े में आए। इन्होंने आते ही छ्छ पर डांस कर रहे लोगों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद छ्छ के दौरान डांस करते जो मिला पुलिस ने उसे पीटा। हमले में बैजन्ती बाई के अलावा, वर्षा, बलराम जाटव, चेतराम, धर्मेन्द्र, जशवंत, मनोज, बृजेश व लक्ष्मी को चोट लगी है।



**एसपी के आदेश के बाद भी सिविल ड्रेस में थे पुलिसकर्मी:** हाल ही में ग्वालियर एसपी अमित सांघी ने आदेश जारी किए थे कि कोई भी पुलिसकर्मी बिना वर्दी के ड्यूटी पर नहीं आएगा। कोई विशेष टास्क होगा तो वरिष्ठ अफसरों को सूचना देनी होगी। साथ ही थाने की डायरी में भी लिखना पड़ेगा। किसी भी स्थिति में सिविल ड्रेस पर पिस्टल नहीं लगा सकेगा।

## फायरिंग करने वाले पांच आरोपी पकड़े गए: जन्मदिन के जश्न में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले कांग्रेस नेता के बेटा समेत पांच गिरफ्तार, बोले- अब कभी नहीं चलाएंगे बंदूक



**ग्वालियर।** ग्वालियर के सिरोल में जन्मदिन पार्टी में खुलेआम गोलियां चलाने और विरोध करने पर एक घर में घुसकर मारपीट और उत्पात मचाने वाले कांगेस नेता के पुत्र समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना गुरुवार रात की है और आरोपियों की गिरफ्तारी शुक्रवार रात को की गई है। गोलीबारी से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सिरोल कॉलोनी निवासी भूपेन्द्र सिंह गुर्जर के बेटे जस्सू उर्फ जसवीर का गुरुवार को बर्थ डे था। भूपेन्द्र सिंह खुद को कांग्रेस नेता बताते हैं। जसवीर अपने साथियों बन्टू गुर्जर पुत्र जण्डेल सिंह गुर्जर निवासी आदर्श नगर पिन्टो पार्क , सतेन्द्र उर्फ भूरा गुर्जर, रामप्रीत सिंह गुर्जर निवासी चिमलनपुरा हाल सिरोल कॉलोनी , लालू गुर्जर पुत्र जण्डेल सिंह गुर्जर के साथ जन्मदिन की पार्टी कर रहे थे। पार्टी के दौरान बीच-बीच में फायरिंग भी कर रहे थे। जब इसका विरोध पास ही रहने वाले शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने किया तो आरोपियों ने उसकी मारपीट कर दी। हमलावरों से बचने के लिए शैलेन्द्र पास ही रहने वाली अपनी बुआ के घर पहुंचा तो आरोपियों ने वहां पर भी घर में घुसकर उसकी मारपीट की और फायरिंग कर दी। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। जांच के बाद पुलिस ने जस्सू, लवकुश, अमरेश, लालू और दीपेन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को पुलिस को इन सभी को पकड़ने में सफलता मिल गई। पुलिस ने आरोपियों के ठिकाने पर दबिश देकर सभी पांचों आरोपियों को पकड़ लिया है।

# शिक्षा प्रगति की सीढ़ी होती है : राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल

**ग्वालियर।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा प्रगति की सीढ़ी होती है। इसलिए सभी संकल्प लें कि हमारे गाँव का कोई भी बच्चा बिना पढ़ाई के नहीं रहेगा। उन्होंने बेटियों की पढ़ाई पर ध्यान देने पर विशेष जोर दिया। राज्यपाल श्री पटेल पर्वतीय एवं वनांचल क्षेत्र में बसे ग्वालियर जिले के सहरिया आदिवासी बहुल ग्राम अमरगढ़ में अनुसूचित जनजाति के परिवारों से रू-ब-रू होने पहुँचे थे। शनिवार को जिले की जनपद पंचायत घाटीगाँव के इस गाँव में पहुँचकर राज्यपाल श्री पटेल ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत आदिवासी परिवारों के हितग्राहियों को सहायता भी वितरित की। साथ ही गाँव के एक आदिवासी परिवार के घर पहुँचकर दोपहर का भोजन भी ग्रहण किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिये उन्होंने अन्य अतिथियों के साथ पौधे भी रोपे।

इस अवसर पर प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव व कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मंचासीन थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेश की सबसे पिछड़ी जनजातियों में शुमार सहरिया जनजाति के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आप सबके बच्चों की पढ़ाई के लिये विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। सरकार ने गाँव-गाँव में स्कूल खोलकर निःशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की है। साथ ही आदिवासी परिवारों के बच्चों को सरकार विदेश में भी पढ़ा रही है। आप सब भी सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने बच्चों को शिक्षित बनाएँ। इस अवसर पर आदिवासी परिवारों से विभिन्न प्रकार के व्यसनों से दूर रहने का आग्रह भी उन्होंने विशेष तौर पर किया। साथ ही कहा कि व्यसनों से प्रगति बाधित होती है। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा हम सबके लिए खुशी की बात है कि ग्वालियर जिले के अंतिम छोर पर बसे आदिवासी बहुल गाँव में प्रदेश के राज्यपाल महोदय मार्गदर्शन व प्रोत्साहन देने पहुँचे हैं। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल श्री पटेल के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ इस क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल औषधीय खेती भी अपनाएँ, सरकार इसके लिए अनुदान देती है। औषधीय एवं जैविक खेती अपनाकर किसान अपनी आय में बड़ा इजाफा कर सकते हैं। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने राज्यपाल श्री पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने भ्रमण के लिए आदिवासी बहुल गाँव को चुना है। इससे जाहिर होता है कि राज्यपाल महोदय के दिल में अभावग्रस्त लोगों के लिए विशेष प्रेम है। श्री शेजवलकर ने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल ने अपने पिछले सार्वजनिक जीवन में गुजरात राज्य के भीतर वन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। इसका लाभ निश्चित ही मध्यप्रदेश को भी मिलेगा। आरंभ में राज्यपाल श्री पटेल सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन व कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।







अमरगढ़ गाँव की ग्राम पंचायत बागवाला गाँव के सरपंच श्री छोटेलाल आदिवासी, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम व घाटीगाँव जनपद पंचायत के सदस्य श्री राजेन्द्र सिंह ने राज्यपाल महोदय का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ व समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**स्वदेशी अपनाकर अपने गाँव व प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएँ**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अमरगढ़ में आयोजित हुए कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों का आह्वान किया कि आप सब स्वदेशी अपनाकर अपने गाँव व प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएँ। उन्होंने कहा राष्ट्र और समाज की मजबूती के लिये सभी का योगदान जरूरी है। इसलिए सभी ग्रामवासी अपने परिवार के उत्थान के साथ-साथ समाज व देश के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वहन करें।

**योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करें**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सहरिया जनजाति के परिवारों का आह्वान किया कि सरकार द्वारा छोटे-मोटे व्यवसायों को शुरू करने के लिये प्रधानमंत्री मुद्रा योजना चलाई जा रही है। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व-सहायता समूहों को भी आर्थिक मदद दी जाती है। आप सब इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का रोजगार स्थापित करें। उन्होंने कहा सरकार द्वारा चलाई जा रहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, निःशुल्क पोषण आहार इत्यादि योजनाओं से लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

**पौधा रोपा और कहा कोरोना त्रासदी ने हमें ऑक्सीजन का महत्व समझाया है**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने इस अवसर पर कहा कि कोरोना त्रासदी ने हम सबको ऑक्सीजन का महत्व समझाया है। इसलिये सभी लोग ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें, जिससे प्राणवायु ऑक्सीजन की कमी न रहे। अनुसूचित जनजाति के परिवारों को सहायता वितरित करने के बाद सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने अमरगढ़ गाँव में आम का पौधा रोपा। उनके साथ अन्य अतिथियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478